
10 रोहित शर्मा...

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक


12 हीना खान...

रांची, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -179 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## पीएम मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति संग की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, बोले

# भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके सितंबर में शीर्ष पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर रविवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने दिसानायके का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिसानायके की यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को और गहरा करने तथा जन-केंद्रित साझेदारी को गति देने का एक अवसर होगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री द्वारा दिसानायके का स्वागत करने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, गर्मजोशी भरा और विशेष स्वागत! भारत की उनकी राजकीय यात्रा का दूसरा दिन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में श्रीलंकाई राष्ट्रपति दिसानायके का स्वागत किया। 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर, श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने संयुक्त रक्षा सेवाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपने-अपने मंत्रियों, राजनयिकों और अधिकारियों से एक-दूसरे का परिचय कराया। जयशंकर ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक में भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के साथ-साथ सागर आउटलुक में द्वीप राष्ट्र की प्रमुख भूमिका को स्वीकार किया। विदेश मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि पीएम मोदी के साथ डिसनायके की बातचीत से दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**भारत औरश्रीलंका के बीच कई एमओयू पर हुआ साइन, दिसानायके ने किया साफ- हमारी भूमि का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं होगा**

भारत और श्रीलंका ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के राष्ट्रपति डिसनायके का भारत में स्वागत करता हूं। हमें खुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए आपने भारत चुना है। आज की इस यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का सृजन हो रहा है। हमने अपनी पार्टनरशिप के लिए एक फ्यूचरिस्टिक विजन अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में इन्वेस्टमेंट लेड ग्रोथ और कनेक्टिविटी पर बल दिया है और निर्णय लिया है कि फिजिकल, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी हमारी भागेदारी के अहम स्तम्भ होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण की पंक्तियाँ और अनुदान सहायता प्रदान की है। श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है और हमारे प्रोजेक्ट्स का चयन सदैव पार्टनर देशों की विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होता है। भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। जब भारत में पाली भाषा को ह्लशास्त्रीय भाषाह्व का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं, कि हमें इस मामले में एक मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके ने कहा कि श्रीलंका का राष्ट्रपति बनने के बाद यह मेरी विदेश यात्रा है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपनी पहली राजकीय यात्रा पर दिल्ली आ सका। मुझे दिए गए निमंत्रण के लिए और मेरे सहित पूरे प्रतिनिधिमंडल को प्रदान किए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए मैं भारत को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू को धन्यवाद देना चाहता हूं...इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और विकसित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

## छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत, सात की हालत गंभीर



**एजेंसी**

**रायपुर/बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आधीरात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सात लोग घायल हुए हैं। उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ।इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी ) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देररात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान दुर्पत प्रजापति (30) पिता पूना राम (30) ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), सुमित्रा बाई कुम्भकार (50) पति स्वर्गीय कार्तिक राम निवासी घोराड़ी महासमुंद, मनीषा कुम्भकार (35) पति विश्वनाथ ग्राम घोराड़ी महासमुंद, सगुन बाई कुंभकार (50) ग्राम कुम्हारपारा कवर्धा, ईमला बाई पति (55) रेवा राम सिन्हा ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) एवं जिग्नेश कुम्भकार (7) पिता प्रीतम कुम्भकार निवासी ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) के रूप में हुई है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

# झारखंड में एंबुलेंस सेवा होगी दुरुस्त, सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर लिया गया एक्शन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**





**रांची।** एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त करने को लेकर राज्य को चार जोन में बांट कर कॉल सेंटर खोला जायेगा. इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य सचिव को निर्देश दिया है. ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान एंबुलेंस की कमी को लेकर चिंता जतायी थी. उन्होंने कहा था कि पूरे झारखंड में एंबुलेंस की संख्या बढ़ायी जाये, ताकि मरीजों को अस्पताल लाने और ले जाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो.

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया है खास निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें और इसके लिए जो भी आवश्यक सहयोग होगा, सरकार प्रदान करेगी. मुख्यमंत्री की बात को संज्ञान में लेते हुए मंत्री डॉ अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव से चर्चा की और उन्हें इस विषय से अवगत कराया. साथ ही इस दिशा में जल्द से जल्द ठोस निर्णय लेने का निर्देश दिया.

**स्वास्थ्य मंत्री बोले- मरीज को एंबुलेंस की अनुपलब्धता के कारण न हो परेशानी**

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं इतनी सुदृढ़ हों कि किसी भी मरीज को एंबुलेंस की अनुपलब्धता के कारण कोई परेशानी न हो. इसके लिए राज्य को चार जोन में बांटकर कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना पर काम किया जाये. जहां मरीजों को एक फोन कॉल के जरिये तुरंत एंबुलेंस सेवा प्राप्त हो.

**झारखंड स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में आदर्श बने**

डॉ अंसारी ने कहा कि अगर एंबुलेंस की कमी के कारण किसी की जान जाती है, तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. इस कमी को दूर करने के लिए हर संभव कदम उठाये जायेंगे. हमारा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर इलाज मिले और झारखंड स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श राज्य बने.

# सीएम हेमंत को हाईकोर्ट से राहत बरकरार, ईडी के समन की अवहेलना का है मामला

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय के समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत अगली सुनवाई तक बरकरार रहेगी. जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले में ईडी को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दायर करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की गई है. सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने अदालत से पूर्व में दिए गए अंतरिम राहत को अगले आदेश तक बढ़ाने की मांग की. उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने पूर्व में दिए गए अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है.? मुख्यमंत्री को हाईकोर्ट से 16 जनवरी तक राहत मिली है. अदालत ने मामले में ईडी से जवाब तलब किया है. सीएम हेमंत सोरेन को 16 जनवरी तक के लिए एमपी-एमएलए की अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई है. सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा. सीएम के अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने ईटीवी भारत को बताया कि ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी.

आपको बता दें कि 4 दिसंबर को पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए 16 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की थी. इससे पहले ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें सशरीर पेश होने को कहा था. सीएम की ओर से व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी, जिसे 26 नवंबर को एमपी-एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए 4 दिसंबर को सशरीर पेशी का आदेश दिया था. इसी को सीएम की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है. ईडी की ओर से 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराया गया था. ईडी की दलील थी कि जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किए गये थे। लेकिन वे सिर्फ 8वें समन पर 20 जनवरी को और 10वें समन पर 31 जनवरी को एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए आए थे. शेष आठ समन की अवहेलना की गई थी.






## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती सुनिता चौधरी**

**एनडीए प्रत्याशी, 23 रामगढ़ विधानसभा**

**सफल और असफल लोगों के बीच का मुख्य अंतर यह है कि सफल लोग अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ और मेहनती होते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरा ध्यान लगाते हैं और लगातार प्रयास करते हैं। वहीं, असफल लोग अक्सर अपने उद्देश्यों को पाने के लिए उतनी मेहनत या दृढ़ता नहीं दिखाते। सफल होने के लिए, सबसे पहले आपको अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना होगा और उन्हें पाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। यह उद्धरण हमें यह सिखाता है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **71,800**

चांदी (प्रति किलो) : **92,000**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,748.57**

निफ्टी :- **24,668.25**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **25** °

न्यूनतम तापमान : **10** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:22**

संध्या :- **17:05**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1718 को रोमन साम्राज्य, ग्रेट ब्रिटेन और डच गणराज्य का साम्राज्य फ्रांस ने औपचारिक रूप से स्पेन के युद्ध की घोषणा में फ्रांस में शामिल हो गया, चौगुनी गठबंधन युद्ध शुरू किया गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### कोडरमा में पांच दिनों से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के नईटांड़ से सोमवार को एक युवक का शव कुएं से बरामद किया गया है. मृत युवक की पहचान मुन्ना साव के रूप में की गई है. वह पिछले 5 दिनों से लापता था. जानकारी के अनुसार सबसे पहले शव को मृतक की चाची ने देखा था. घर से लगभग 500 फिट के दूरी पर स्थित कुएं में चाची ने भतीजे का शव देखकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी. इसके बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई. स्थानीय लोगों ने ही शव को कुएं से बाहर निकाला. इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. इधर, सूचना मिलने के बाद जयनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया. इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.परिजनों के अनुसार मुन्ना साव 11 दिसंबर 2024 से लापता था. इसे लेकर मुन्ना की मां चमेली देवी ने 11 दिसंबर को ही जयनगर थाना में अपने पुत्र मुन्ना साव की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था.

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ चल रहे ट्रायल पर रोक का आदेश बरकरार

**रांची।** पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने से जुड़े मामले में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से मिली राहत अगली सुनवाई तक बरकरार है. हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में उनके खिलाफ देवघर सिविल कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी थी. इस आदेश को 6 जनवरी तक विस्तार दिया गया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की. निशिकांत दुबे के खिलाफ वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान देवघर जिले में कुंडा थाना में कांड संख्या 89/2019 दर्ज है.




# राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं और सार्वजनिक सेवाओं का निरीक्षण किया



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बसिया और पालकोट प्रखंड में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण का उद्देश्य जिला में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना और जनसेवा से जुड़ी सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। उपायुक्त ने सबसे पहले बसिया में हाल ही में निर्मित अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की सुविधाओं का अवलोकन किया और इसके रखरखाव एवं उपयोग को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद, उन्होंने बसिया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का दौरा किया। पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने पालकोट में संचालित लैंपस (धान अधिप्राप्ति केंद्र) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहकारी समितियों को बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश देते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को नियमित जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया। अपने भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त ने पालकोट स्थित बाबा भीम राव आंबेडकर पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को ज्ञानवर्धन के लिए इन सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, बीडीओ पालकोट सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें.

## मारवाड़ी युवा मंच ने गौवंशों को गुड एवं लपसी खिलाया



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा 15 दिसंबर को मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर गौसेवा के तहत रामगढ़ गौशाला में तड़के सुबह गौवंशों को गुड एवं लपसी खिलाया गया। इस पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की अराधना की जाती है, इस कड़कते ठंड में भी मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का उत्साह काफी गर्मजोशी से भरा था। मंच के युवा सदस्यों ने गौवंशों को श्री विष्णु एवं श्री कृष्ण के भजनों को गाते हुए अपने हाथों से गुड एवं लपसी खिलाया एवं श्री कृष्ण के गौ प्रेम के गीता के कुछ प्रसंगों के बारे में संक्षिप्त चर्चा की। छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल कीर्तन करते हुए सभी युवा सदस्यों ने कहा हम सबको मिल कर गौ वंशों की रक्षा करनी चाहिए एवं उनकी सेवा के लिए अपना समय निकालना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच समय समय पर गौ सेवा कार्य करता रहता है एवं आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा ।

## सेना राष्ट्र का गौरव : सेवानिवृत्त सूबेदार नरेश यादव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** पतरातू थर्मल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त सूबेदार नरेश यादव द्वारा भारत माता, ॐ एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन एवं अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य उदय मिश्रा के द्वारा किया गया। सूबेदार नरेश यादव 28 वर्षों तक सेना में काम करने के पश्चात सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में एनटीपीसी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सेना राष्ट्र का गौरव है। विजय दिवस न केवल 1971 में हुए युद्ध में विजय को याद दिलाता है बल्कि भारत के विदेश नीति एवं वसुधैव कुटुंबकम को भी दशार्ता है। इस युद्ध में भारत के नेतृत्व ने न केवल बांग्लादेश के रूप में नए देश को जन्म दिया बल्कि पाकिस्तान के 93000 से भी अधिक सैनिकों को आत्मसमर्पण करवा कर अपनी शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन सेना की नींव है परंतु यह छात्र जीवन के लिए भी उतना ही जरूरी है। बिना अनुशासन किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सूबेदार नरेश यादव, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक एवं अन्य आचार्यगण उपस्थित थे।

## 18 दिसंबर को सिदो कान्हू मैदान में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत दिनांक-18.12.2024 को समय-11:00 बजे से ₹सिदो कान्हू मैदान, रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है। जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा। ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा। उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा। उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं Email id- janshikayat- rgh@jhpolice.gov.in पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

## प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी हुए रवाना



**रामगढ़।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2024 को जिला स्तरीय युवा महोत्सव के विजयी खिलाड़ियों को 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु सोमवार को जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम ने अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ परिसर से रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दें। गौरतलब हो कि प्रमंडल स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### आज जिले के 442 परीक्षार्थियों ने लिया परीक्षा में भाग

## चौकीदार नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता, दौड़ एवं साइकिल चालक की परीक्षा आज से हुई प्रारंभ, नागफणी स्थित IRB कैंप में हो रही शारीरिक दक्षता की परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**गुमला:** चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा गुमला जिले के नागफेनी स्थित कम्प्र कैंप ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। सुबह 7 बजे से प्रारंभ इस परीक्षा में दौड़, साइकिलिंग और अन्य शारीरिक दक्षता जांच की जा रही है। परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें सरकार के दिशानिदेर्शों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निर्देश दिया है कि चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न की जाए। आज पहले दिन कुल 442 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया, जिसमें 75 महिलाएं और 367 पुरुष शामिल हैं। यह परीक्षा पूर्व में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रशासन अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सके.

## कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी के आरोपी फिरोज ने कबूला- शादी नहीं हुई तो लड़कियों को छेड़ने लगे



**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी करने के आरोपी फिरोज अली को सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. रांची पुलिस की टीम ने फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया था. जेल जाने से पहले अपने इकबालिया बयान में फिरोज अली ने जो खुलासे किए हैं उसके मुताबिक फिरोज की शादी की उम्र जाने के बाद भी उस पर दर्ज आपराधिक मामलों की वजह से उसकी शादी नहीं हुई. शादी नहीं होने के कारण फिरोज को कम उम्र की लड़कियों का शरीर छूने का मन करता था.कहा कि उसने न सिर्फ कन्या पाठशाला की छात्राओं के साथ छेड़खानी की बल्कि इससे पहले अन्य स्कूलों के आस पास जाकर भी वह लड़कियों को परेशान करने और उन्हें गंदी नियत से छूने का घिनौना काम कर चुका है. लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जब फिरोज के घर दबिश दी तो वह दीवार कूद कर भाग गया और अपने रिश्तेदार मोहम्मद जसीम और मोहम्मद परवेज के घर जाकर छुपा रहा. छिपने की जगह बदलने के क्रम में पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया. बता दें कि फिरोज अली हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है. स्कूली बचियों के साथ छेड़खानी के मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था. कोतवाली थाना में फिरोज अली के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं.

# सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता : मंत्री

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती को पंचायत स्तर पर ही सीमित करने का निर्देश दिया है। अब संबंधित पंचायत के लोग ही इन तालाबों की नीलामी में भाग ले सकेंगे। दूसरे जिले के व्यक्तियों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही एक नई नियमावली तैयार की जाएगी। मंत्री ने सोमवार को रांची में मत्स्य निदेशालय केंद्र, मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था और गंदगी देखकर मंत्री नाराज हुईं और दस दिनों के भीतर सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। मंत्री शिल्पी ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती स्थानीय कॉपरेटिव सोसाइटी को दी जाएगी। इससे मछलीपालन के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए आवश्यक 300 लोगों की अनिवार्यता में संशोधन किया जाए ताकि छोटे समूह भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। राज्य में लगभग 12,580 सरकारी तालाब हैं, जिनमें से 1,000 तालाब रांची जिले में स्थित हैं। मंत्री ने जिलावार तालाबों का आंकड़ा भी मांगा है। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों को मछलीपालन से जोड़ा जाएगा। रांची और हजारीबाग जिलों में महिला समूहों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को मछलीपालन में दक्ष बनाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। औचक निरीक्षण के दौरान मत्स्य निदेशालय केंद्र और अनुसंधान केंद्र में फैली गंदगी और कुव्यवस्था को देखते हुए मंत्री ने अधिकारियों को कार्यसंस्कृति सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों पर सख्ती बरतने की बात कही। इस साल 2,500 लाख मछली जीरा वितरण का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक सिर्फ 1,646 लाख जीरा का ही वितरण हो सका है। मंत्री ने इस लक्ष्य को पूरा करने और इसकी रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान मंत्री ने किसानों और महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने मछलीपालन को एक मजबूत रोजगार का साधन बताते हुए इसे अपनाने की सलाह दी। झारखंड सरकार मछलीपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कृतसंकल्पित है।

## 92 हजार छात्रों को नहीं मिली छात्रवृत्ति, केंद्र से मिलना है 292 करोड़ रुपये




**रांची:** वर्ष 2023-24 में 4,88,733 छात्रों को सरकार ने छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध करा दी है. जबकि 92,279 छात्रों का आवेदन जिला स्तर पर स्वीकृत तो हो चुका है, लेकिन भुगतान अभी तक लंबित है. छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान हो. इसके लिए कल्याण विभाग के निदेशक अजय नाथ झा हर 10 दिन पर इसकी समीक्षा करते हैं. राहुल कुमार नाम के युवक ने सोशल मीडिया एक्स पर यह कहा कि झारखंड के छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली है. इस पर अजय नाथ झा ने विस्तृत जानकारी देते हुए लिखा है कि राज्य के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए आवंटन उपलब्ध है. किस जिले में कितनी राशि उपलब्ध है, यह आंकड़ा भी उन्होंने जारी किया है. उन्होंने आगे लिखा है कि पिछड़ी जाति के छात्रों को जो छात्रवृत्ति दी जाती है, उसमें केंद्र सरकार से 60 प्रतिशत राशि मिलती है, जबकि राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि देती है. केंद्र सरकार से अब तक 48 करोड़ रुपये ही प्राप्त हो पाया है. केंद्र से करीब 292 करोड़ रुपए मिलना अभी बाकी है.केंद्र से पूरी राशि नहीं मिलने के बाद भी राज्य सरकार ने छात्रों के हितों का ध्यान रखते हुए 194 करोड़ के बदले 380 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है. अजय कुमार झा ने जिला स्तर छात्रों को दी गई छात्रवृत्ति का आंकड़ा भी जारी किया है. साथ ही उन आरोपों को गलत बताया है कि झारखंड में लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली है.

## नाबालिक लड़की को भगाने वाला प्रेमी गया जेल




**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भागने वाला प्रेमी अब सलाखों के पीछे पहुंच गया है। इस मामले में कस्तूरा देवी नामक महिला ने अपनी बेटी के अपहरण के प्राथमिकी रामगढ़ थाने में दर्ज कराई थी। अगस्त महीने में कस्तूरा देवी की नाबालिक बेटी का बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में उसने पारे बस्ती निवासी बबलू कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पिछले तीन महीने से बबलू ने उसकी बेटी को पश्चिम बंगाल में छुपा कर रखा था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बरामद किया और रामगढ़ थाने लेकर आई। नाबालिक युवती के अपहरण और शारीरिक शोषण के मामले में बबलू कुमार को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर रामगढ़ पुलिस ने ठगी के मामले में दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। इसमें रजरप्पा थाना क्षेत्र की चाहा गांव निवासी सावित्री देवी और तुलसी देवी शामिल है। इन दोनों के खिलाफ कांड संख्या 62/23 के तहत कोर्ट से वारंट जारी किया गया था।

# महिला संगठनों ने बनायी निर्भया से अभया तक की मानव श्रृंखला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** बुद्धिजीवि महिलाएं, डब्लूएएन, नारी शक्ति क्लब, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की महिलाओं ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर मानव श्रृंखला बनाकर निर्भया से अभया तक आयोजित किया. बता दें कि दिल्ली में 16 दिसंबर 2012 में हुए सामूहिक बलात्कार और हत्या की निर्भया घटना के आज 12 वर्ष हो गए. इस घटना के बाद पूरा देश महिला हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन में लग गया. पूरे देश में आंदोलन होने के बाद वर्मा कमीशन बना और रिपोर्ट भी आई. लेकिन नई सरकार आने के बावजूद भी इन 12 वर्षों में महिलाओं के ऊपर होने वाले हिंसा और बर्बरता में ना ही कोई कमी आई और ना हीं वर्मा कमीशन की नसीहतों को लागू किया गया.

**महिलाओं की जंग जारी रहेगी**

संगठन की महिलाओं ने कहा कि बलात्कारी को फूल माला और मिठाई के साथ स्वागत किया जाने लगा है. न्याय मांगती लड़कियों को सड़क पर घसीटा जाने लगा है. उनको थानों पर घंटों बैठकर उनका रिपोर्ट तक नहीं दर्ज किया जाने लगा है. हमारे देश के प्रधानमंत्री खुद बलात्कारियों के लिए चुनाव प्रचार करने लगे अब ऐसी स्थिति में हम महिलाओं के पास क्या उत्तरदायित्व बचता है. लेकिन हम महिलाएं कब हार मानी हैं. इसीलिए यह जंग जारी है और यह जंग जारी रहेगी. बलात्कारी संस्कृति के खिलाफ यह जंग जारी रहेगी. निर्भय से अभया तक और यह जंग जारी रहेगी पीड़िता को दोषी ठहरने के खिलाफ. कार्यक्रम में लीना पादम, नंदिता भट्टाचार्य, सीसीलिया, शांति सेन, सिंघी खलखो, एती तिर्की, गीता तिर्की, सुषमा गाड़ी, सपना गाड़ी, सुशील तिग्गा, आकांक्षा, रिया, चांदो गाड़ी, मेदिनी कुजूर, बुधन कुजूर, सुमी उरांव, हीरा मिंज, मेवा लकड़ा, नीलिमा कच्छप, रेजिना, कंचन उरांव, सुनीता कच्छप, सलोमी कच्छप, सुहासिनी महली समेत कई महिलाएं शामिल हुई.

## प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव आड्रे हाउस में आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और नेहरू युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप सहायक समाहर्ता आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि परियोजना पदाधिकारी डॉ ऋतू राज, शिक्षाविद कमल बोस उपस्थित थे. कार्यक्रम में प्रमंडल के पांच जिला जिसमे रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला स्तर युवा उत्सव पर प्रथम विजेताओं, लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में लोहरदगा की राधिका कुमारी, कहानी लेखन में रांची की शिवम् कुमार प्रजापति, विज्ञान मेला में सिमडेगा जिला की टीम, सामूहिक लोकगीत में रांची की निशा रानी समूह, एकल गीत में रांची के अजय महतो, कविता लेखन में गुमला की दीपिका कुमारी, एकल नृत्य में खूंटी के मनीष अलोक, समूह नृत्य खूंटी की संतज जोसफ कॉलेज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता गुमला से तुषार पांडे थे. सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया. प्रमंडल स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, वीवाई एफ चेयरमैन गौरव अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक कौशल किशोर, पर्यटन विशेषज्ञ रौशन, जिला खेल समन्वयक आशीष बनर्जी, मुकेश समेत अन्य लोगों ने भूमिका निभाई.

## उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन कला व संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति : संजय सर्राफ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि विश्व विख्यात सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन से कवि सम्मेलन आयोजन समिति,रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के समस्त पदधारी व सदस्य शोक में हैं. उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. संजय सर्राफ ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी, ग्रैमी, पद्म श्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण जैसे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित, सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन कला और संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को ही उम्र भर जिया और उन्होंने भारत ही नहीं पूरे विश्व को भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति आकृष्ट किया. उनके निधन के साथ ही एक युग का अवसान हुआ है.

**ये लोग हुए शामिल**

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव अनिल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया,किशोर मंत्री,कमलेश संचेती,कमल जैन,प्रमोद सारस्वत, निर्भय शंकर हारित, मनोज बजाज, संतोष अग्रवाल, अंजय सरावगी,रतन मोर, रमन वोडा, अनूप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजेश भरतिया, निर्मल बुधिया, विकास अग्रवाल, सौरभ बजाज, मनीष लोधा, अमित बजाज, रौनक झुनझुनवाला, अमित चौधरी, सनी टिबडेवाल, विशाल पाड़िया आदि शामिल हैं.

## छात्रों पर लाठीचार्ज अमानवीय और निंदनीय: बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस द्वारा छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़ी आलोचना की है. उन्होंने इसे अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया. रांची में हुए इस घटना को लेकर मरांडी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध कर रहे छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बर्बर लाठीचार्ज राज्य सरकार की संवेदनहीनता और दमनकारी प्रवृत्ति को दशार्ता है. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार लाठी और हिंसा के सहारे लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा, ह्ययह लाठीचार्ज केवल छात्रों पर नहीं, बल्कि न्याय की उम्मीद रखने वालों पर हमला है.ह्व मरांडी ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें और सीजीएल परीक्षा को प्रतिष्ठा का मुद्दा न बनाते हुए सीबीआई जांच की सिफारिश करें. उन्होंने कहा कि गरीब और मेहनती छात्रों की मांगों को अनदेखा करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है. भाजपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सरकार को इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए.

## साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जल्द: चैंबर




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की आईटी उप समिति की सत्र 2024-25 की पहली बैठक सोमवार को चैंबर भवन में हुई. मौके पर पूरे वर्ष की कार्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज मिश्रा एवं अल्तमश आलम ने साइबर ठगी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही साइबर क्राइम पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा. जिसमें संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों को बुलाकर लोगों को इससे बचने के उपाय बताए जायेंगे. साथ ही चेयरमैन ने वर्ष भर होने वाले कार्यक्रम में एफजेसीसीआई मेंबरशिप डे, टैली, मार्ग, बिजी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग वर्कशॉप डे, सोशल मीडिया डे आयोजित कराने की जानकारी दी.

**आईटी जॉब फेयर के आयोजन की है तैयारी**

उन्होंने कहा कि आईटी पॉलिसी जिससे राज्य के लोग एवं आईटी कंपनियां लाभांवित नहीं हो पा रहे जिसपर संबंधित मंत्रालय एवं विभाग को ज्ञापन देकर इस पर त्वरित कार्रवाई करने की बात भी कही गई, अवगत कराया गया कि आगामी माह में होनेवाले ट्रेड फेयर के तत्वाधान में आईटी जॉब फेयर का आयोजन भी किया जायेगा, ताकि राज्य के युवाओं एवं व्यवसायियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके. मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य आस्था किरण, उप समिति चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, सदस्य प्रमोद सारस्वत, स्वामी दिव्यज्ञान, पवन कुमार, देवनंदन उरांव एवं तेजिंदर सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## निगम की टीम पारस अस्पताल मापी के लिये पहुंची



**रांची।** नगर निगम के नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर के विभिन्न आवासीय भवनों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर आदि की जांच का अभियान चल रहा है. सोमवार को नगर निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम धुर्वा के पारस अस्पताल परिसर के होल्डिंग टैक्स तय के लिये मापी करने के लिये पहुंचे. मालूम हो की पूर्व में भी नगर निगम की ओर से अस्पताल का कर निर्धारण के लिये नोटिस निर्गत किया जा चुका था. लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया. निगम की ओर से अस्पताल के कर निर्धारण के लिये मापी की नोटिस दी गई. आज निगम की टीम मापी के लिये अस्पताल परिसर पहुंची. मौके पर अस्पताल प्रबंधन ने दो दिनों के अंदर सेल्फ असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान करने की बात कही है. सहायक प्रशासक ने 18 दिसंबर तक भुगतान करने का निर्देश दिया है. मौके पर नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे.

## देवेंद्र महतो की कोर्ट में हो सकती है पेशी,फिरायालाल चौक पर वज्र वाहन के साथ पुलिस मुस्तैद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची:** JSSC कार्यालय के बाहर आज छात्रों का प्रदर्शन दिनभर चलता रहा. उनकी अगुवाई कर रहे JLKM नेता देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया था. दिनभर हिरासत में रखने का बाद पुलिस देवेंद्र महतो को पुलिस कोर्ट ले जा रही है. ऐसे में छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया है. वे पहले ही प्रशासन से देवेंद्र को छोड़ने के लिए चेतावनी दे चुके हैं. वहीं छात्रों के हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन मुस्तैद है. फिरायालाल चौक पर भारी संख्या में पुलिस की तैनात है. साथ ही वाटर कैनन और वज्र वाहन भी रखे गए हैं. जिससे कोई भी हंगामा हो तो उसे वहीं रोका जा सके. यहां बता दें कि JSSC के चाय बागान नामकोम स्थित कार्यालय में CGL के अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट्स वेरिफि केशन आज से शुरू हुआ, जो 20 दिसंबर तक चलेगा. वहीं दूसरी ओर प्रदर्शकारी छात्रों का आंदोलन भी कार्यालय के बाहर दिनभर जारी था. JLKM नेता देवेंद्र महतो प्रदर्शनकारी छात्रों की अगुवाआई कर रहे थे. छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने लेकिन पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया. जिसमें कई छात्रों को चोट भी आई है. हजारों की संख्या में छात्र पहुंचे और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे. इसी बीच पुलिस ने देवेंद्र महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया था. प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि खररउ कार्यालय के एक किलोमीटर के बाद हम सभी विरोध कर रहे हैं, वो भी पुलिस को नहीं पच रहा है. बता दें कि प्रशासन ने नामकुम के सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरा में और JSSC कार्यालय के भी 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दिया गया है. जो 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लागू रहेगा.

## आदित्य पांडेय को कांके BDO का अतिरिक्त प्रभार, किया बोड़या का निरीक्षण



**रांची।** आदित्य पांडेय (आईएएस), सहायक समाहर्ता रांची ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण के बाद आदित्य पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया. वहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी ली. साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति की समीक्षा किया. उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी, कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आएं और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें.


# बिजली वितरण व स्वचालन में नवीनतम रुझानों और प्रगति पर सेमिनार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम मेकॉन लिमिटेड ने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया (आईईआई), झारखंड स्टेट चैप्टर (जेएससी) के संयोजन में रांची में बिजली वितरण और स्वचालन में नवीनतम रुझानों और प्रगति पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार में इंजीनियरों, उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रमुख निमार्ताओं और स्वचालन समाधान प्रदाताओं ने भाग लिया. अभियंता केके श्रीवास्तव को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उद्योग में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया. अभियंता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (मेकॉन) एसके वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने भविष्य के हरित उद्योगों के लिए हरित ऊर्जा की आवश्यकता और विद्युत अनुशासन को इस विषय पर ध्यान देने की बात की. अभियंता पीके दीक्षित निदेशक (परियोजनाएं), मेकॉन ने हमारे जीवन और उद्योग के लिए कुशल और निर्बाध बिजली वितरण के महत्व को आवश्यक बताया. अभियंता वेद प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (डिजिटल रूपांतरण), सेल ने अपने वक्तव्य में सामान्य रूप से उद्योग और विशेष रूप से इस्पात उद्योग में इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोगों को लागू करने के महत्व पर जोर दिया. अभियंता केके श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) मेकॉन ने उद्योगों में उत्पादकता, सुरक्षा और दक्षता में सुधार लाने में आज के विद्युत इंजीनियरों की भूमिका की बात की. आईईआई जेएससी के तत्कालीन अध्यक्ष अभियंता मोहम्मद आई. आलम ने अपने उद्घाटन भाषण में आज के औद्योगिक परिवेश में बिजली वितरण और स्वचालन के महत्व पर प्रकाश डाला. सेमिनार में एक तकनीकी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जहां बिजली वितरण और स्वचालन क्षेत्र के कई प्रमुख निमार्ताओं ने ब्रोशर और ऑडियो-वीडियो डिस्प्ले के साथ अपने स्टॉल लगाए. सेमिनार में विद्युत पॉवर वितरण, स्वचालन, फायर डिटेक्शन एवं अलार्म, केबल, इंडस्ट्रियल इलुमिनेशन सोल्यूशन और अभिनव कार्यस्थल डिजाइन संबंधी तीन उप-विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें उत्साहपूर्ण भागीदारी हुई तथा लगभग पूरी क्षमता से अधिक दर्शक उपस्थित थे.

## ग्रीन राशन कार्डधारी के वितरण प्रतिशत में सुधार लाएं डीलर: विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी



**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी ने सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 1 से 53) के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने झारखंड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसंबर 2024 का राशन वितरण में प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश दिया. मोनी कुमारी ने डीलर्स के साथ बैठक करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया.

**बैठक में दिए गए निर्देश**

-झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया.

-ई- केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सीडिंग कराने का निर्देश सम्बंधित डीलर इंचार्ज को दिया गया.

-मोबाइल सीडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए.

-चना दाल/नमक/चीनी/केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने का निर्देश दिया गया.

-सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया.

-PGMS पोर्टल में आई शिकायतों का समाधान कराने का निर्देश दिया गया.

## झारखंड पुलिस की रिपोर्ट: सूबे में हर 13वें घंटे एक महिला व लड़कियां होती हैं छेड़खानी की शिकार

**रांची।** झारखंड में इन दिनों स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी का मामला सुर्खियों में है. इस मामले में सीएम ने खुद संज्ञान भी लिया था. जिसके बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरी तरह झारखंड पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में हर 13 वें घंटे एक महिला और लड़कियां छेड़खानी की शिकार होती हैं. झारखंड में साल 2024 के मई महीने से लेकर अक्टूबर महीने तक राज्य के अलग-अलग जिले में छेड़खानी के 330 मामले दर्ज हुए हैं. जिनमें गोड्डा, पलामू, रांची और जमशेदपुर जैसे जिले में छेड़खानी की सर्वाधिक घटनाएं हुई है.

## रांची जिला के ग्रामीण व जंगली क्षेत्रों में की जा रही अफीम की अवैध खेती को रांची पुलिस द्वारा विनिष्ट किया गया



**राँची।** क वरीय पुलिस अधीक्षक,रांची के निदेशार्नुसार अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ की खेती करने के विरुद्ध जारी अभियान एवं विनष्टीकरण के क्रम सोमवार को रांची पुलिस द्वारा दशमफॉल थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुगीर्डीह के आसपास के जंगली क्षेत्र में लगे अफीम के बीज लगे लगभग 02 एकड़ खेत को ट्रैक्टर से जोत कर एवं पुलिस बल के मदद से विनष्ट किया गया। इसके अलावा बुंडू थाना अंतर्गत ऐदलहातू ग्राम क्षेत्र में लगभग 1 एकड़ में लगे अफीम के पौधे को नष्ट किया गया । संबंधित थाना में अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक एमटी राजा ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जनसमस्याओं एवं सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**उधवा/साहिबगंज(उजाला)।** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को उधवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर जनसमस्याओं एवं सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा की। विधायक ने सभी पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और समस्याओं का त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर विधायक एमटी राजा ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिकायतकताओं ने विधायक को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन के लिए दिए गए आवेदन पर अब पेंशन की स्वीकृति नहीं मिली है। सैकड़ों महिलाओं का मुख्यमंत्री मांईया सम्मान योजना योजना का लाभ नहीं मिला है, जबकि फार्म प्रखंड कार्यालय में पड़ा हुआ है।इसके अलावा, राशनकार्ड के लिए सैकड़ों आवेदन महीनों से पेंडिंग पड़ा है, जिसमें नाम सुधार, डीलर स्थानांतरण, नया नाम जोड़ना शामिल है। महीनों से एक भी जमीन का खारिज दाखिल नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।मनरेगा योजना ठप्प रहने से मजदूरों को बाहर जाना पड़ता है। दर्जनों जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र महीनों से पेंडिंग हैं। दियारा क्षेत्रों की अधिकतर सड़के जर्जर अवस्था में हैं और बिजली की समस्या वर्षों से है। विधायक ने सभी समस्याओं को सुनकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत कुमार तिवारी को कार्य में तेजी लाने और समस्याओं का त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान करने की बात कही। विधायक ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए और विकास योजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। वही जेएमएम के वरिष्ठ नेता विजय सिंह के निधन पर विधायक ने सभी प्रखंड पदाधिकारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण किया।

## दामाद निकला सास का हत्यारा,हुआ गिरफ्तार



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** थाना क्षेत्र के भादुडीह गांव के मरांगमय किस्कु 55 वषीय महिला का शव बरहेट थाना पुलिस ने बरामद किया था। वही मृतक की बड़ी बेटी सरिता मुर्मू के आवेदन पर बरहेट थाना कांड संख्या 130/27 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मृतक्का की दामाद रेसका किस्कु उम्र 38 वर्षीय थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव के रहने वाला है। मृतका की दामाद पिछले दिन अपने ससुराल पत्नी सलगी मुर्मू को लाने भादुडीह गांव आया था। लेकिन पति के साथ जाने से इनकार कर दिया।तत्पश्चात उसकी बेटी सलगी मुर्मू पिलचु बुढ़ी पिलचु हडाम मैला रंगा देखने रात को चला गया।उनकी मां घर में अकेली रह रही थी। वही आवेश में आकर सास को हत्या कर नजदीकी तालाब में फेंक दिया।वही सास की हत्यारा को बरहैट थाना पुलिस ने श्रीरामपुर गांव से गिरफ्तार कर साहिबगंज जेल भेज दिया।

## राजस्व शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न




**साहिबगंज(उजाला)।** प्रशासक नगर परिषद अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में राजस्व शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में तहसीलदार एवं कर दरोगा को निर्देश दिया गया कि वह अपने वार्ड में भ्रमण करते हुए बिल्डिंग मटेरियल कंस्ट्रक्शन, (C&D) बोरिंग से संबंधित को रसीद काटना सुनिश्चित करें।सिटी मैनेजर को निर्देश दिया गया है कि टाउन में प्रचार- प्रसार करते हुए मोक्ष वाहन, पानी टंकी, सेप्टिक टैंक क्लीनर किसी को भी आवश्यकता हो तो कार्यालय में आवेदन देते हुए निर्धारित शुल्क जमा करें। नगर परिषद क्षेत्र में जितने भी बकाया होल्डिंग धारक के उसे निर्देश दिया जाता है कि 31 दिसंबर, 2024 तक अपना बकाया होल्डिंग राशि अपना नगर परिषद कार्यालय की जन सुविधा केंद्र में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

# विधायक धनंजय सोरेन के द्वारा मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** सोमवार को बोरियो विधानसभा के विधायक धनंजय सोरेन के द्वारा मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण। मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार से मिलकर स्वास्थ्य संबंधित चर्चा किया गया। मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होने वाली समस्याओं से हुए अवगत, वही बताया गया कि मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस की सुविधा दी गई है। विधायक ने कहा की ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। इस अस्पताल में जो भी समस्या होगी सभी को दूर किया जाएगा। वही मिर्जा चौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार ने नवनियुक्त विधायक धनंजय सोरेन को बधाई दी,वही विधायक के द्वारा स्वास्थ्य कर्मी का नियमित सेवा, बाहरी पंजी,दवा वितरण पंजी, कमरे में रोगियों की व्यवस्था, ठंड को देखते हुए उपयुक्त दवा की जानकारी भी लिया, साथ ही साथ अस्पताल की बाहरी परिसर एवं साफ सफाई का जायजा लिया गया,जबकि अस्पताल में और भी किसी चीज की कमयो को दूर करने के लिए डा पंकज कुमार से जानकारी लिया, मोके पर जिला व्यवसायी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा,डा पंकज कुमार, एएनएम सुभाषिनी सिंहा, अर्चना कुमारी,जेपी यादव, महेन्द्र पासवान,अमन कुमार सहित कार्यकर्ता एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हनीमन शिफा होम्योपैथिक क्लीनिक का हुआ उद्घाटन



**साहिबगंज(उजाला)।** सदर प्रखंड के छोटी कोदरजन्ना में सोमवार को हनीमन शिफा होम्यो क्लिनिक का उद्घाटन किया किया गया।डॉ मोहम्मद असलम ने अपने आवास में उद्घाटन दौरान कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी दावों के साइड इफेक्ट से लोगों को होम्योपैथी दवा के माध्यम इलाज करने में काफी ज्यादा स्वास्थ्य लाभ होगा।उन्होंने कहा की होम्योपैथिक इलाज सफल और सरल होता है।आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होम्योपैथिक डॉक्टर आर पी शर्मा उपस्थित हुए।मौके पर हाजी मोहम्मद कमरुज्जमा,जुम्मन डीलर, मोहम्मद इरशाद अली, मोहम्मदशाहजहां काजू,सजाम,मो वकार,नदीम,मो हूजाम,जीशान खान,तौसीफ रजा,मनजीर हसन,गुलफराज आदि उपस्थित थे।

## नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक कार्य करें नपं - विधायक.



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** क्षेत्रीय विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी ने सोमवार को राजमहल नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या एक एवं दो का भ्रमण मोहल्ले वासियों के साथ किए. इस दौरान मोहल्ले वासियों ने सड़क पेयजल एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया. विधायक ने नगर पंचायत कार्यालय के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया. उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर पंचायत कार्यालय नागरिक सुविधा शहर के लोगों को उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक तरीके से कार्य करें. अगर किसी विभाग से समन्वय की आवश्यकता है तो समन्वय स्थापित कर कार्य को निष्पादित करते हुए लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं. महाजन टोली एवं नील कोठी के इलाके में नाले में ढक्कन नहीं रहने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं रहने एवं पेयजल की सुविधा में परेशानी उत्पन्न हो रही है जिसका त्वरित निष्पादन करें. मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे.

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** मिजाचौकी दुर्गा मंदिर परिसर में 24 कुंडिय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया । इस संबंध में गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार टोली द्वारा 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज एवं शांतिकुंज हरिद्वार की प्रखंड पंडितों के तत्वावधान में यह संपन्न किया जाएगा इसमें अन्नप्राशन ,मुंडन ,पठन , उपनयन संस्कार एवं बिराट पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा।

## रक्सी गांव में 2 जनवरी से नौ दिवसीय शिव शक्ति यज्ञ शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचकठिया बाजार अंतर्गत रक्सी गांव में सोमवार को नौ दिवसीय यज्ञ संचालन को लेकर बैठक रखी गई।बैठक में गांव के ग्रामीण चढ़कर भाग लिए।बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार पंडित ने की।बैठक में मुख्य रूप से बाल संत बाबा त्यागी जी महाराज (इंटरनेशनल भिखारी ) शामिल हुए।बैठक में मुख्य रूप से नौ दिवसीय यज्ञ संचालन को लेकर चर्चा की गई। बाल संत बाबा त्यागी जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 161वां शिव शक्ति महा यज्ञ एवं राम कथा 2 जनवरी से 11 जनवरी तक यज्ञ परिक्रमा का आयोजन रक्सी गांव में तय हुआ है।सभी ग्रामीण यज्ञ सफल को लेकर सहयोग देने की बात कही।प्रखंड क्षेत्र में नौ दिवसीय यज्ञ को लेकर गांव-गांव प्रचार प्रसार, कर यज्ञ में आने का आमंत्रित करें।इस दौरान कलश शोभायात्रा के साथ-साथ कलश स्थापना भी कि जाएगी।वही यज्ञ के साथ-साथ मेले का भी आयोजन होगा।मेले में सर्कस, ब्रेकडांस,तारामाछी, के अलावा अन्य प्रकार के मनोरंजन के पहुंचेंगे।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में इस प्रकार का यज्ञ मार्च महीने में गुमानी नदी किनारे स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में होता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार इस तरह का भव्य यज्ञ होने जा रहा है।जिससे लोगों में उत्साह है।मौके पर उपाध्यक्ष पंकज चौधरी, विकास कुमार, गणेश पंडित ,रोहिण साह, वीरेन शाह, तेज नारायण चौधरी,बुलू चौधरी, दिनेश पंडित के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## 21 दिसंबर को बाकुड़ी में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर मजदूर संघ ने किया बैठक



**साहिबगंज(उजाला)।** झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०) के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में राजमहल निरीक्षण भवन में 21 दिसंबर को बाकुड़ी में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर बैठक किया गया।बैठक में राजमहल,उधवा एवं तालझारी के प्रमुख कार्यकताओं की चर्चा किया गया।केंद्रीय अधिवेशन में एक हजार से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी कैसे हो,इस पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,रनधीर प्रसाद चौरसिया , ललित कुमार सिंह,फूल कुमारी देवी,रवि घोष,अजय कुमार रजक,अर्जुन कुमार महतो,मिथुन कुमार यादव,जमुना राय,जलेबी घोष,कपिल देव शर्मा,शंभू पंडित,कार्तिक राय शकुंतला दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से ट्रैक्टर टोली में लोड पुआल में लगी आग



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** सोमवार को राजमहल थाना क्षेत्र के कसवा पंचायत अंतर्गत धंगड़सी गांव के सरोज लकड़ा के घर के समीप एक पुआल लोड बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर टोली सडक किनारे ट्रांसफार्मर में धक्का लगने से शॉर्ट सर्किट हो जाने से ट्रैक्टर टोली में लोड कर जार रहे पुआल में आग लग गया। वहीं आग की लपेट इतना भयानक था कि पुआल धो-धो कर जलने लगा। वहीं आग कि लपेट लेख आनन फानन में आसपास के लोग तुरंत एकजुट हो गया और पानी दाल डालकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगा। साथ ही टोली से ट्रैक्टर के इंजन को खोल कर अलग कर दिया। वहीं ग्रामीणों के कडी मस्तक के बाद आग में काबू पा सका हलांकि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक घटना स्थल से फरार हो गया वही लोगो में चर्चा था कि ट्रैक्टर मालिक का सकरीगली समदा निवासी रासबिहारी यादव है। हलांकि ग्रामीणों के सहयोग से बडी घटना होते होते बाल बाल बचे।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में मध्यान भोजन की अवैध निकासी को लेकर डीएसई को सौप आवेदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला )।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय, पोखरिया प्रबंधन समिति के सदस्य विक्की कुमार तांती ने डीएसई कुमार गौरव को आवेदन देकर मध्यान भोजन में अवैध तरीके से राशि निकासी किए जाने एवं गलत तरीके से प्रबंधन समिति का गठन किए जाने की शिकायत की है। दिया आवेदन में उन्होंने बताया कि इसके पूर्व उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सह प्रबंध समिति सचिव से इसकी लिखित शिकायत की थी। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। पूछे जाने पर टालमटोल करती रही।उन्हें उन्होंने बताया कि मध्यान भोजन में गड़बड़ी की शिकायत 27 नवंबर 2024 को हुई प्रबंधन समिति की बैठक में सभी सदस्यों के सामने बातें आई थी कि मध्यान भोजन में बच्चों का आंकड़ा अधिक और सामाग्री कम बनाया जाता है। पता चला था कि मध्यान भोजन में बच्चों का आंकड़ा कुछ और अंकित रहता है लेकिन बच्चों की संख्या के अनुसार मध्यान भोजन नहीं बनाया जाता है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में गलत तरीके से अध्यक्ष का चयन किया गया है। अध्यक्ष का चयन विद्यालय पोषक क्षेत्र के बाहर के व्यक्ति का कर लिया गया है। जबकि प्रबंधन समिति में एक विकलांग के माता-पिता एवं एक अल्पसंख्यक के माता-पिता का सदस्य होना जरूरी है। विद्यालय में विकलांग और अल्पसंख्यक के भी बच्चे पढ़ते हैं जब प्रबंधन समिति बैठक के दिन अल्पसंख्यक एवं विकलांग के माता-पिता सदस्य के लिए खड़े हुए तो उसे पोषक क्षेत्र का नहीं बताते हुए बिठा दिया गया। तो फिर वर्तमान में जो अध्यक्ष है वह पोषक क्षेत्र का नहीं है और ना ही उनकी बच्ची 3 वर्ष तक विद्यालय में पड़ी है फिर कैसे उनका चयन किया गया। विक्की कुमार ताती ने डीएससी से मामले में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## उधवा प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में अर्ध वार्षिक परीक्षा हुई शुरू



**उधवा/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में सोमवार को अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई। सोमवार को कक्षा एक से आठवीं तक की अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निपेन दास ने बताया कि प्रथम दिन अर्ध वार्षिक परीक्षा एसए 1 में अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। उन्होंने आगे बताया कि मंगलवार को हिंदी और विज्ञान, बुधवार को गणित और संस्कृत की परीक्षा ली जाएगी परीक्षा के दौरान मौके पर इमरान अंसारी, इकबाल आलम, नेहरूल इस्लाम, लाल मोहम्मद, मुख्तार आलम, शमीमा अख्तर, अल्ताफ हुसैन, मीर मजाहरुल हक, अख्तर आलम आदि उपस्थित थे।

# ईशाकपुर रेल फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए पहल शुरू, समाजसेवी हिसाबी राय ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़:** सदर प्रखंड अंतर्गत ईशाकपुर रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाले लाखों लोगों को जाम की परेशानी से निजात दिलाने के लिए पहल शुरू हो चुका है।लाखों लोगों में उम्मीद की एक नई किरण जगाने का प्रयास शुरू हो गया है। आम लोगों की परेशानियों को हमेशा से उठाते आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने ईशाकपुर रेलवे फाटक के बंद रहने से परेशानी से जुझते लाखों लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से ओवरब्रिज निर्माण के लिए पाकुड़ डीसी मनीष कुमार को उनके कार्यालय कक्ष में आवेदन सौंपा है। आवेदन सपना के क्रम में भाजपा के पूर्व नगर मंत्री सुशील साहा मौजूद थे।



भारतीय जनता पार्टी के जिला पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी हिसाबी राय ने ईशाकपुर रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाले उत्तर छोर पर बसे दर्जनों गांव के लाखों लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने उपायुक्त को पत्राचार कर इस मार्ग से आवागमन करने वाले लाखों लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए ओवर ब्रिज निर्माण की दिशा में ठोस पहल करने का अनुरोध किया है। उपायुक्त मनीष कुमार को पत्र के जरिए कहा है कि ईशाकपुर रेलवे एलसी गेट नंबर 39/ए/टी काफी व्यस्ततम रेलवे गेटों में शामिल है। ईशाकपुर रेलवे गेट उत्तरी छोर पर बाईपास रिंग रोड पर स्थित है। यह मार्ग पाकुड़ से होकर पश्चिम बंगाल को झारखंड से जोड़ता है। इस मार्ग से अनवरत छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन होता है। इस रेलवे गेट के एक छोर पर पाकुड़ का व्यस्ततम रेलवे यार्ड भी मौजूद है।

यहां 24 घंटे रेलवे मालगाड़ियों का शंटिंग होता रहता है। दूसरी ओर एक वेस्ट केबिन भी हैं। इस रेल गेट से ट्रेन एवं मालगाड़ियों का बहुत ज्यादा मूवमेंट है। पैसेंजर से लेकर मेल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों का अत्यधिक आवागमन होता है। जिस वजह से अधिकतर समय रेल गेट बंद रहता है। इसी में छात्रों से लेकर शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, मरीज, न्यायालय आने वाले लोग तथा आम लोग फंस जाते हैं। इस रेल गेट से होकर ईशाकपुर, रहसपुर, ईलामी, नवादा, जयकिस्टोपुर, लखीनारायणपुर, मनिरामपुर, संग्रामपुर, कुमारपुर, विक्रमपुर, बरमसिया, गंधाईपुर, हरिहरा इत्यादि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। इन गांवों के लोगों को रेल फाटक में जाम में फंस जाने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां ओवरब्रिज का निर्माण अति आवश्यक है। अगर ओवरब्रिज का निर्माण होता है, तो इन गांवों के हजारों लाखों लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। भाजपा नेता हिसाबी राय ने यह भी कहा है कि शहर के बीचों-बीच रेलवे फाटक पर भी जाम की समस्या से लोगों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था। तत्कालीन उपायुक्त डॉ सुनील कुमार सिंह के पहल पर एलसी गेट नंबर 38 पर भूमिगत पथ का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार और रेलवे के संयुक्त सहयोग से भूमिगत पथ के निर्माण में ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल ने भी पहल किया था।

ईशाकपुर रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज बन जाने से ना सिर्फ लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि यह लोगों के लिए वरदान भी साबित होगा। इधर समाजसेवी हिसाबी राय ने कहा कि उपायुक्त महोदय ने इस विषय को गंभीरता से लिया है। उपायुक्त ने इसे आम जनता की समस्या बताते हुए शीघ्र ही जांच कराने की बात कही है। इसके लिए सिविल एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

# 31 दिसंबर को आयोजित डहरे टुसू को लेकर बैठक



**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/बलियापुर /धनबाद।** प्लस 2 उच्च विद्यालय बलियापुर के प्रांगण में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि दिनांक 31 दिसंबर को मंच की ओर से डहरे टुसू का आयोजन किया जाना है, उसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो। साथ ही टुसू, चौड़ल के साथ साथ सांस्कृतिक दल झूमर, नटवा आदि की झांकी भी रहेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी को डहरे टुसू शोभा यात्रा सरायढेला मड़प थान से रणधीर वर्मा चौक तक होगी तथा वहां टुसू की झांकी और झारखंडी संस्कृति को दिखाया जाएगा। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, स्वपन कुमार महतो, चौधरी चरण महतो, निरीश कुमार महतो, विश्वजीत महतो, सिदाम कटियार, शिव प्रसाद महतो, अवनीकांत महतो, पंकज कटियार, सीमा महतो, सुनीता महतो, भानु महतो, बाला महतो आदि उपस्थित थें।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलवे कर्मचारी की गई जान, पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सहायक सचिव ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए दुख व्यक्त किया

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़:** बीते सोमवार 16 दिसंबर 2024 को अहले सुबह करीब 5:30 बजे मुरारई से लेकर चतरा के बीच ट्रैकमैन के पद पर कार्य कर रहे 57 वर्षीय विक्रम कुर्मी ( रेलकर्मी ) ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। आप को बता दे रेलकर्मी, वरिष्ठ अनुभव अभियंता ( रेल पथ ) नलहटी के अधीन कार्यरत कर्मचारी था। जिसका नाम विक्रम कुर्मी उम्र 57 वर्ष, ट्रैकमैन के पद पर कार्य कर रहा था एवं बिहार के छपरा जिला का निवासी था। घटना की सूचना उक्त रेलवे कर्मचारियों के परिवार जनों को दे दी गई है। रेल पटरी की सुरक्षा हेतु लगाये गये गश्ती दल का सदस्य था, जो सुबह अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सुबह करीब 7:00 बजे रेलवे सुरक्षा बल एवं



राजकीय रेल पुलिस नलहटी द्वारा शव को अपने नियंत्रण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुरहाट सदर अस्पताल रवाना किया गया। मौके पर वरिष्ठ अनुभव अभियंता (रेल पथ ) उज्जवल कुमार, सहायक अभियंता, रामपुरहाट एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय ओझा, अमर कुमार मल्होत्रा, गौतम यादव सहित अन्य कई रेलवे कर्मी मौजूद थे। पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सहायक सचिव भोपाली कुमार यादव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने इस तरह की घटना को रोकने के लिए डी आर एम के पास शिकायत की और आने वाले पी एन एम मीटिंग में इस तरह की घटना ना हो जिससे किसी भी भाई को अपने कार्य करने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य के लिए पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सदस्य हमेशा से और सब से आगे और सब से पहले और सब से आगे रहता है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 694 बच्चों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ एवं डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां 694 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मेडिकल टीम ने विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य जांच के उपरांत उन्हें खान-पान समेत कई आवश्यक सलाह दी। साथ हीं बच्चों को निःशुल्क दवा भी दिया। उपायुक्त ने डिस्ट्रिक सीएम गर्ल्स स्कूल में लग रही कक्षाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चौथी कक्षा में जाकर बच्चों को अंग्रेजी एवं गणित विषय का पाठ पढ़ाया।उपायुक्त ने बच्चों से बातचीत की तथा बच्चों से अंग्रेजी से संबंधित सवाल भी किए। बच्चों ने सवाल का सही से जबाब दिए। उपायुक्त ने बच्चों का जबाब सुनकर बच्चों को बधाई दी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत अन्य उपस्थित थे।

# सिंदरी महाविद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित दिवस का आयोजन

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/ धनबाद।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखने के लिए हर वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इसी के निमित्त 16 से 23 दिसंबर 2024 तक एक सप्ताह के दरमियान बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंतर्गत सभी महाविद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित किया गया । इसी उपलक्ष्य में आज दिनांक 16 .12 .24 को सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय गणित दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के .के. पाठक ने की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 की कार्यक्रम



अधिकारी डॉ नीतू गौरव कुमार ने किया ।उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने के पीछे एक मुख्य उद्देश्य लोगों में मानवता के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सनत कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि भारत के 14वें और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 26 फरवरी 2012 को मद्रास विश्वविद्यालय में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म की 136वीं वर्षगांठ के समारोह के उद्घाटन समारोह के दौरान 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाए जाने की घोषणा की ।अंग्रेजी विभाग से प्रोफेसर निशांत कुमार दुबे ने अपना वक्तव्य प्रकट करते हुए कहा कि मनुष्य अपने कार्यों से ही जाना जाता है । फिर वह जीवित हो या मरणोपरांत । इसलिए हम सभी को अच्छे कार्य करते रहना चाहिए । कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ शुभाशीष दत्ता, डॉ सुमिरन कुमार रजक, डॉ राजेश कुमार गुप्ता, डॉ आरती यादव, डॉ अनुराधा दास, प्रोफेसर रोमोला जोजो, प्रोफेसर पूजा कुमारी, प्रोफेसर अंकित आलोक टोप्पो मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ विशु मेंघनानी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया ।

# विद्यालय में अभिनंदन समारोह आयोजित कर नव निर्वाचित विधायक को किया सम्मानित

**कुलबीर सिंह @ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/ धनबाद।** सोमवार को रविंद्र नाथ विद्या मंदिर सिंदरी में अभिनंदन समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित विधायक चंद्रदेव महतो के विद्यालय आवागमन पर विद्यालय प्रवेश द्वार पर स्वागत तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विधायक को आदर स्वरूप पुष्प गुच्छ दिया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अगले क्रम में विधायक चंद्रदेव महतो और विद्यालय सचिव एस डी चटृराज द्वारा रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने विधायक को विद्यालय के भ्रमण के दौरान विद्यालय की स्थिति से अवगत कराया जिसमें विद्यालय के विकास ,सड़क, स्ट्रीट लाइट तथा चिकित्सा के संदर्भ में सहयोग मांगा। विधायक



द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। अभिनंदन कार्यक्रम में विद्यालय सचिव एस डी चटृराज, श्रीमती मुक्ता चटर्जी, विद्यालय कार्यकारी सदस्य प्रवीर सरकार, विद्यालय समिति के सदस्य प्रदीप चट्टाराज, राजीव मुखर्जी , गोधूलि सूर ,शिवली बनर्जी, शांतनु सरकार ,अमृता मंडल, मनोरंजन मुखर्जी, पपिया ,सोनाली मुखर्जी, असीत मंडल, पंपा चक्रवर्ती ,मिसिर कुंभकार, सरस्वती अधिकारी ,शोभा घोषाल, सुनंदा चक्रवर्ती ,उमा मुखर्जी, चंद चौधरी, सुमिता चक्रवर्ती ,सुमित सिंह ,मदन मोहन सरकार, विजय मोदक, सोष्टि सूत्रधार ,रामू जोगी, रूबी डे तथा विद्यालय के सभी कर्मचारी सम्मिलित थें।

# संविधान रक्षक अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु की गई बैठक, विधायक निशात आलम हुयीं शामिल

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से 26 नवंबर 2024 से देशव्यापी चलाई जा रही संविधान रक्षक अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक पाकुड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 में सर्वाधिक मतों से विजयी रही विधायिका निसात अलम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की । बैठक के दौरान नव निर्वाचित विधायिका निसात आलम ने उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से 26 नवंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक चलाई जा रही देशव्यापी संविधान रक्षक अभियान में अपनी सुनिश्चित करने की अपील किया। जिससे इस अभियान की सफल अवयवों को दशार्या जा सके। उन्होंने संविधान



की मूल भूमिका पर प्रकाश भी डाले। साथ ही उन्होंने कहा कि यह संविधान ही है जो हमें परिपूर्ण सक्षम बनाने की विचारधाराओं को समायोजित करता है। उन्होंने कहा कि संविधान के कारण ही हमारा देश की मूल ढांचा सुरक्षित है । कहा बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान ही देश के हर नागरिकों को अपनी अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद करने की शक्ति प्रदान करता है। संविधान हमें समानता का ही नहीं बल्कि शिक्षा व ताकत भी देती है। साथ ही देश को आगे ले जाने का महत्वपूर्ण गाइडलाइन का मार्ग दर्शक का भी पहचान देता है। मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, ए गांगुली, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास,पप्पू गंगवानी,रामविलास महतो, कृष्ण यादव,नगर अध्यक्ष बंसराज गोप, होबि सेख,नोजरुल सेख,मिजार्हान विश्वास,मुखिया मोजीबूर रहमान, काबिबूर रहामान,शहनाज बेगम सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएसओ के नेतृत्व में जिले के तीन पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार के निदेर्शानुसार जिले के तीन पेट्रोल पंप जिसमें मदनलाल गौरीशंकर पेट्रोल पम्प, पियादापुर, रिलायंस पेट्रोल पम्प, पाकुड़ सर्विस सेंटर अम्बेडकर चौक, पाकुड़ का निरीक्षण जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला माप तौल पदाधिकारी आलोक कुमार, पणन सचिव संजय कश्यप तथा जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम के संयुक्त दल द्वारा तीनों पेट्रोल पम्प का जांच किया गया। जांच के क्रम में सभी पेट्रोल पम्प का गुणवत्ता सही पाया गया। साथ ही सभी पेट्रोल पम्प से सैम्पल संग्रह किया जिसका अग्रेतर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

## गरीबों के बीच डीसी व एसपी ने किया कंबल का वितरण

**पाकुड़ :** रविवार देर रात को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन में गरीब, असहाय, निर्धन व दिव्यांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने स्टेशन में विभिन्न ट्रेन से उतरे गरीब, मजदूर, वृद्ध व्यक्ति व महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। इसके साथ साथ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद लोगों की समस्या से भी रूबरू हुए। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र एवं सभी प्रखंडों में भी गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है।

# पलामू में ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी





**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**

**पलामू :** जिले में झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के बैनर तले ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और चक्का जाम पांचवें दिन भी जारी रहा। जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता और केंद्रीय संगठन सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना जारी है। ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे नाराज चालकों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। आंदोलन स्थल पर पहुंचे डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने आंदोलन को नैतिक समर्थन देते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और चेंबर ऑफ कॉमर्स पलामू के अध्यक्ष आनंद शंकर ने भी हस्तक्षेप का वादा किया है। लोक जनशक्ति पार्टी के विवेक सिंह ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मामले से अवगत कराया है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 17 दिसंबर से आमरण अनशन और जिले में अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू होगा।

# उपायुक्त ने कहा कि जिले के साढ़े आठ लाख कार्डधारियों को सरकार द्वारा तय मात्रा में राशन मिले, डीलर यह सुनिश्चित करें

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा लाभुक एवं डीलर को किसी भी प्रकार की समस्या हो वह सीधे मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभुकों को मिलने वाली अनाज की मात्रा का सही वितरण। कम भी वितरण नहीं, ना अधिक वितरण करें। उपायुक्त





मनीष कुमार ने कहा कि ईश्वर दो लोगों को नेक कार्य करने के लिए बनाया है, एक है डॉक्टर और दूसरा जन वितरण प्रणाली विक्रेता। सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए। पीडीएस डीलरों को कहा कि सरकार द्वारा तय मात्रा में ही सभी कार्डधारियों को राशन मिले यह सुनिश्चित करें। साथ ही राशन के साथ अनिवार्य रूप से पर्ची भी लाभुकों को देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी पीडीएस डीलरों को शत प्रतिशत राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में पोस मशीन से राशन वितरण करें। सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार लाभुकों के बीच ससमय राशन का वितरण करें। खाद्यान्न वितरण में कटौती तथा लाभुकों के साथ लापरवाही बरतने पर वैसे दुकानदारों से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। राशन की कालाबाजारी करने और लाभुकों को कम सामग्री देनेवाले जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह के मामलों में शिकायत सही पाये जाने पर उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिनका अंगूठा काम नहीं कर रहा है उनका राशन नहीं कटेगा। उनका आंख के रेटिना के माध्यम से पहचान लिया जाएगा। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, एपीआरओ पवन कुमार, सभी एमओ एवं जिले के सभी डीलर उपस्थित थे।

## जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**पाकुड़ :** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जूली खिष्टमणि हेम्ब्रम, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडियस बाड़ा ने भी अपने विचार रखे तथा जनहित में योजनाओं के क्रियान्वयन में आपसी समन्वय पर बल दिया। उपायुक्त मनीष कुमार ने पंचायत विकास योजना जीपीडीपी, बीपीडीपी, डीपीडीपी व ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि को लेकर आवश्यक जानकारी दी।उपायुक्त ने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत नई योजनाओं का चयन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए उपलब्ध राशि को नियमानुसार व्यय कराते हुए प्रगति का निर्देश दिया। सभी संचालित योजनाओं को तय समय पर पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर ज़िला परियोजना प्रबंधक, ई0 पंचायत आनंद प्रकाश, सभी प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद आदि थे।

# उपायुक्त व अपर समाहर्ता ने किया आपदा मित्रों के 11 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**आपदा मित्रों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण 16 दिसंबर से प्रारंभ किया गया। जिले में कुल 61 लोगों को आपदा से निपटने तथा प्राथमिक समाधान से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** जिला प्रशासन द्वारा सूचना भवन स्थित सभागार में आपदा मित्रों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त मनीष कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, एसडीआरएफ के टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कराया गया जा रहा है, आप सभी प्रशिक्षु विपदा के समय धैर्य रखते लोगों को बचाने का उपाय सीखें तथा आम जनों तक इसका प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आप सभी प्रशिक्षुओं से यह अपेक्षा करता है कि आपदा से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर आप जिला प्रशासन एवं जिलेवासियों की मदद करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को ड्रेस आपदा किट एवं प्रशस्ति पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई मौकों पर जलाशय में डूबने या आग लगने या अग्निशामक यंत्र को ना खोल पाने आदि की समस्या से जान जाती रही है, परंतु आपदा मित्रों के प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि आप सभी ऐसी किसी भी परिस्थिति में सक्षम हो कि लोगों की जान बचा सके। साथ ही कहा कि सीपीआर की पद्धति भी अवश्य सीखें ताकि समय रहते किसी की जान बच सके।



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर~

सेहतमंद दिल~ दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम~ अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।


डायबिटीज कंट्रोल~ दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर~ दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम~ दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय~

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में~

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट

एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियों दूर रहती है।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं~

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

चीनी और शहद स्क्रब

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं~दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें~ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें~खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है

# सही समय पर समुचित फैसला, खाद्य सुरक्षा बनी सरकार की प्राथमिकता



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

सरकार को निजी कंपनियों द्वारा गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के कदम के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर गेहूं की जमाखोरी को भी हतोत्साहित करना होगा जिससे गेहूं की पहुंच मंडी तक हो सके। सरकार का स्टाक बढ़ने से न सिर्फ खाद्य सुरक्षा मजबूत मिलेगी बल्कि मुद्रास्फीति भी कम होगी। गेहूं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने, खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने एवं पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देते हुए भारत सरकार द्वारा गेहूं निर्यात पर लगाया गया प्रतिबंध सही समय में लिया गया उचित निर्णय है। वैश्विक गेहूं निर्यात में मात्र पांच प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले भारत की आलोचना करने वाले जी-7 देश आने वाले समय में इस बात को अवश्य स्वीकार करेंगे। दरअसल रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होने से वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतों में 60 प्रतिशत तक उछाल आया है। विश्व को 28 प्रतिशत गेहूं का निर्यात रूस और यूक्रेन करते थे। वैश्विक स्तर पर गेहूं की मांग बढ़ने से निजी कंपनियों ने किसानों से सीधे गेहूं खरीद कर भंडारण करना शुरू कर दिया था, जिससे बाजार में गेहूं और उससे जुड़े उत्पादों आटा, बिस्किट, ब्रेड आदि की कीमतों में बढ़ोतरी होने लगी। लिहाजा मुद्रास्फीति का ग्राफ भी बढ़ने लगा। कई निर्यातक 27,000 रुपये प्रति टन की दर से गेहूं का निर्यात कर रहे थे। बाजार में बढ़ी कीमतों का लाभ लेने के लिए किसानों ने अपने गेहूं को सरकारी मंडियों में बेचना कम कर दिया। परिणामस्वरूप सरकारी खरीद पिछले 15 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। सरकार की खरीद 13 मई तक 1.8 करोड़ टन हुई थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत कम रही।

निजी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर मोदी सरकार ने यही संदेश देने की कोशिश की है कि गेहूं का निर्यात केवल सरकार से सरकार को ही होगा। सरकार ने कोरोना रोधी वैक्सीन वितरण में भी इसी रणनीति का पालन किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा एक करोड़ टन गेहूं का निर्यात किया जाएगा। देखा जाए तो कृषि वस्तुओं के निर्यात ने आज किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वारा खोल दिए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने कुल 72.15 लाख टन गेहूं का रिकार्ड निर्यात किया था। वहीं केवल अप्रैल 2022 में ही भारत ने 14.63 लाख टन गेहूं का निर्यात कर दिया है। वाणिज्य मंत्रलय के अनुसार भारत ने मोरक्को, तुर्की, इंडोनेशिया, ट्यूनीशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, वियतनाम, अल्जीरिया और लेबनान में अपने प्रतिनिधि भेजे हैं, जिससे नए समझौतों द्वारा कृषि व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। जाहिर है कि अगर किसान अपने कथित नेताओं से भ्रमित न हुए होते तो आज बाजार की बढ़ती कीमतों का लाभ उन्हें अवश्य मिलता। गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का एक अन्य कारण भीषण गर्मी एवं लू के चलते उत्पादन लक्ष्य का कम हो जाना भी है। फरवरी माह में पिछले वर्ष के 10.99 करोड़ टन के मुकाबले इस वर्ष 11.13 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन की संभावना व्यक्त की गई थी, परंतु मार्च से लेकर अप्रैल के मध्य तक गेहूं उत्पादक राज्यों में तेजी से तापमान के बढ़ने के कारण समय से पहले ही गेहूं की कटाई करनी पड़ी। अब उत्पादन 9.5 करोड़ टन होने का ही अनुमान है। इस ग्लोबल वार्मिंग के लिए भी वही जी-7 देश जिम्मेदार हैं, जो गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अमेरिका और आस्ट्रेलिया आदि देशों में भी गेहूं का उत्पादन कम हुआ है। वे सभी देश वही कर रहे हैं, जो भारत कर रहा है। फिर उनकी नाराजगी भारत से ही क्यों? जी-7 देशों का तर्क है कि भारत के फैसले से एशिया-अफ्रीका के देश प्रभावित होंगे। जर्मनी को आशंका है कि जो देश मक्का, चावल आदि का निर्यात करते हैं, वे भी इसी राह पर चलेंगे तो वैश्विक स्तर पर बड़ा खाद्य संकट आ सकता है।



भारत सरकार का मत है कि जरूरतमंद देशों को गेहूं का निर्यात किया जाएगा। खाद्य संकट का सामना कर रहे पड़ोसी देशों श्रीलंका और अफगानिस्तान की मदद भारत पहले से ही कर रहा है। भारत सरकार वैश्विक स्तर पर कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार से सरकार के बीच निर्यात की कड़ी विकसित करना चाहती है। सरकार द्वारा सरकार को गेहूं का निर्यात करने से यह सही हाथों में जाएगा और विदेशी सरकार भी उस अनाज को सही लोगों तक उपलब्ध करवा पाएगी। साफ है कि भारत सरकार का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों को निजी हाथों से बचाना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कंपनियों के खेल को रोकना है। इस तरह सरकार इतिहास की उन गलतियों को भी नहीं दोहराना चाहती कि पहले कम कीमत पर निर्यात किया जाए और फिर उसी वस्तु की कमी होने की स्थिति में महंगे दामों पर आयात किया जाए। वर्ष 2004-05 में हमने गेहूं का निर्यात किया। फिर स्टाक कम होने की स्थिति से बिगड़े हालात में महंगे दाम पर गेहूं का आयात किया। 2007-08 में चीनी के संदर्भ में भी यही कहानी दोहराई गई थी। रिजर्व बैंक के अनुसार 2007-08 में 30 लाख टन चीनी का निर्यात 18.5 रुपये प्रति किलो पर किया गया और 2008-09 में 25 लाख टन चीनी का आयात 30 रुपये प्रति किलो की दर पर किया गया। यह उल्लेखनीय है कि किसी समय गेहूं के आयातक देश रहे भारत की तरफ आज पूरा विश्व देख रहा है। इससे पता चलता है कि समय के साथ हालात कितने बदले हैं? आज गेहूं उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर ही नहीं है, बल्कि निर्यातक देश के रूप में पहचान बना रहा है। सरकार को निजी कंपनियों द्वारा गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के कदम के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर गेहूं की जमाखोरी को भी हतोत्साहित करना होगा, जिससे गेहूं की पहुंच मंडी तक हो सके। सरकार का स्टाक बढ़ने से न सिर्फ खाद्य सुरक्षा मजबूत मिलेगी, बल्कि मुद्रास्फीति भी कम होगी।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के बिजनेस करने वाले लोगों के लिए दिन शुभ है। आप अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे, जिससे आपको भविष्य में फायदे होने के आसार नजर आ रहे हैं। बुरे व्यवहार के कारण लोगों से आपकी बहस हो सकती है। दोस्त आपके कामों में सहयोग करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा। आप कम समय में बहुत से काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। आपके कई दिनों से रुके हुए काम पूरे होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। लवमेट्स के लिए रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

**मिथुन राशि :-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े कामों में आपकी जीत होगी। किसी पुराने लोन की ई.एम.आई. से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे। भाइयों के साथ रिश्तों में मजबूती आएगी। लोग आपसे कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को किसी कॉम्पटीशन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है।

**कर्क राशि :-** आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। ऑफिस में काम को लेकर आपकी अहमियत बढ़ेगी। आप खुद की मेहनत से संतुष्ट रहेंगे। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। साथ ही कुछ जूनियर आपसे काम सीखने की इच्छा जाहिर करेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़ें है, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। पहले किए गए निवेश का आपको लाभ होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को ऑफर आएगा। शाम को दोस्तों से मुलाकात करने का मन बनायेंगे।

**सिंह राशि :-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। अगर आप खुद पर भरोसा रखेंगे तो करियर को लेकर कुछ नए अवसर ढूंढ निकालने में सफल होंगे। इस राशि के वकीलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा। आप कोई भी फैसला लेते वक्त थोड़ा असमंजस में रहेंगे। अच्छा रहेगा किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बनेगा।

**कन्या राशि :-** आज घर में कुछ मरम्मत या सजावट करने की योजना बनाएंगे। आप गाड़ी खरीदने का भी मन बना सकते हैं। किसी से ऐसा वादा ना करें, जिसे पूरा ना कर पाएं। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। इस राशि के नौकरी करने वालों को कंपनी में किसी नए काम की जिम्मेदारी मिलेगी। कामकाज की योजना में बदलाव करेंगे। लवमेट्स कहीं घूमने जाएंगे। दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

**तुला राशि :-** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। छात्र बेहतर भविष्य बनाने के लिए अपने गुरू से परामर्श लेंगे। साथ ही कोई नया कोर्स ज्वाइन करने का मन बनाएंगे। इस राशि के दुकानदारों के लिए दिन अच्छा रहेगा। दुकान पर ज्यादा बिक्री होने के योग बन रहे हैं। आपके अधूरे काम पूरे होंगे, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। कारोबारियों को किसी दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ेगी। इस राशि के न्यायाधीश कई मामलों को सुलझा लेंगे।

**वृश्चिक राशि :-** आज आपका मन अध्यात्मक की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने की योजना बनाएंगे। इस राशि के जो स्टूडेंट्स कॉमर्स की पढ़ाई कर रहे हैं उनके लिए दिन बेहतरीन रहेगा। किसी कंपनी से अकाउंटेंट की जॉब के लिए फोन आ सकता है। इस राशि के जो लोग सोने-चांदी का व्यापार करते हैं उन्हें धनलाभ होगा। लवमेट अपने पार्टनर को उनका मनपसंद गिफ्ट देंगे।

**धनु राशि :-** आज आपको बिजनेस और कार्यक्षेत्र से जुड़ी यात्रा करनी पड़ेगी, जिसका फायदा आपको आने वाले समय में होगा। इस राशि के नौकरी करने वालों का प्रमोशन होगा, जिससे पूरा दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी अस्पताल से आपको जॉब का ऑफर आ सकता है। नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**मकर राशि :-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई फैसला लेने से पहले उसपर दोबारा सोच-विचार करें। किसी को अपने विचार से सहमत कराने की कोशिश करेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे खुश रहेंगे। आपको किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मौका मिलेगा। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। इससे उनके रिश्ते में और मधुरता आएगी। ऑनलाइन व्यापार कर रहे व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होने वाला है।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के व्यापारी अपने व्यापार को बढ़ाने का नया तरीका अपनाएंगे। मेहनत के दम पर आप अपने कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। जीवनसाथी के स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। फर्नीचर का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है।

**मीन राशि :-** आज आपके मन में नए-नए विचार आऐंगे। किसी नए काम की शुरूआत करने की योजना बनायेंगे, जिसमे परिवार वाले आपका सहयोग करेंगे। इस राशि के जो लोग प्राईवेट ऑफिस में काम करते हैं उनके इन्क्रीमेंट के साथ प्रमोशन भी होगा। आपका ज्यादातर समय परिवार वालों और दोस्तों के साथ बीतेगा। इस राशि के बिजनेसमैन, बड़े बिजनेसमैन से मिलकर डील साइन करेंगे।

# आस्था और अविश्वास के बीच

सर्वोच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी विवाद वाराणसी के जिला जज को वापस करते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर सुनने का आदेश दिया है। आला अदालत ने जिला प्रशासन से वुजूखाने को सुरक्षित रखने के साथ यह भी कहा है कि नमाजियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। हिंदू पक्ष का कहना है कि वुजू के लिए प्रयुक्त होने वाले हौज से शिवलिंग मिला है, जबकि मुस्लिम इसे फव्वारा बता रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मसले को अब जुलाई के दूसरे सप्ताह में सुनेगा। यह एक दुरूह कानूनी लड़ाई की शुरूआत भर है, फिर मामला सिर्फ ज्ञानवापी तक नहीं सिमटा रह बचा है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान, कुतुब मीनार, ताजमहल, भोजशाला सहित तमाम विवादों के तंदूर फिर से गरम होने लगे हैं। क्या हम 1989 से 92 के बीच के उथल-पुथल वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं? वे लोग, जो यह मानते हैं कि समस्या की जड़ महज एक धर्म के बाशिंदे हैं, उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि ईसा और मोहम्मद साहब के पैदा होने से पहले भी हमारे देश में विभिन्न पंथों के लोग आपस में टकराते रहते थे। जनश्रुति है कि चाणक्य को अपने शिष्य चंद्रगुप्त और उनके दरबार को कुछ समय के लिए छोड़ना पड़ा था। वजह? युवा सम्राट जैन मुनि भद्रबाहु के प्रभाव में आ गए थे। वापस ज्ञानवापी पर लौटते हैं। जरा सोचिए, जिस औरंगजेब ने भगवान महादेव के मंदिर का ध्वंस किया, उसी ने काशी के अपारनाथ मठ और टेकरा मठ के निर्माण में आर्थिक सहयोग दिया। बाबा अपारनाथ ने विश्वनाथ मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनाने का विरोध किया था। इसके बाद यह शाही करम क्यों? क्या वह आस्था के एक केंद्र के ध्वस्तीकरण और अन्यों को शाही इमदाद देकर काशी की रिआया को भरमाए रखना चाहता था, ताकि बगावत को रोका जा सके? या, वह हिंदू धर्म की अंतरधाराओं में अपनी निष्कृति खोज रहा था?

यह भी सोचने की बात है कि जब औरंगजेब शहजादा हुआ करता था, तब उसने एक हुक्मनामा जारी किया था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भारत कला भवन में महफूज इस दस्तावेज में लिखा है- ह्यअबुल हसन (वाराणसी में तैनात सिपहसालार) को यह जानकारी हो...हमारे धार्मिक कानून द्वारा यह निर्णय किया गया है कि पुराने मंदिर न तोडे. जाएं और नए मंदिर भी न बनें। इन दिनों हमारे अत्यंत आदर्श एवं पवित्र दरबार में यह खबर पहुंची है कि कुछ लोग द्वेष और वैमनस्यता के कारण बनारस एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में कुछ ब्राह्मणों को परेशान कर रहे हैं। साथ ही, मंदिर की देखभाल करने वाले ब्राह्मणों को उनके पदों से हटाना चाहते हैं, जिससे उस समुदाय में असंतोष पैदा हो सकता है। इसलिए हमारा यह शाही आदेश है कि फरमान के पहुंचते ही तुम यह चेतावनी जारी करो कि भविष्य में ब्राह्मणों और अन्य हिंदुओं को किसी प्रकार के अन्याय का सामना न करना पडे। वे सभी शांतिपूर्वक अपने व्यवसाय में लगे रहें और अल्लाह द्वारा दिए गए साम्राज्य (जो हमेशा बरकरार रहेगा) के लिए पूजा-पाठ करते रहें। इसे शीघ्रातिशीघ्र लागू होना चाहिए। शहजादे ने यह खत क्यों लिखा? क्या वह शाहजहां द्वारा मंदिरों को जमींदोज किए जाने से नाराज था? डॉक्टर मोतीचंद्र ने काशी का इतिहास में बादशाहनामा के हवाले से लिखा है कि शाहजहां ने इलाहाबाद के सूबेदार हैदर बेग को मंदिर तोड़ने का हुक्म दिया था। ताजमहल के तौर पर दुनिया को प्रेम की अमिट निशानी देने वाले शाहजहां के राज में काशी के 76 धर्मस्थल तोडे.गए थे।

# चुनावी राजनीति में सॉफ्ट टारगेट क्यों बनती जा रही हैं महिलाएं ? कब होगी असली मुद्दों की बात ?



भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है। राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो किस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है।

हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। चुनावी शोर, चुनावी वादें और चुनावी जीत की गहमा-गहमी के बीच असली मुद्दे कहीं गौण होते नजर आ रहे हैं। सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इस तरह की योजनाएं चुनाव के पहले ही क्यों शुरू की जाती है ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 1000, 1500, 2100 या 3000 रुपए की राशि से सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाता है। वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी निहित होती है लेकिन विडंबना देखिए कि सरकारों ने इन मुद्दों पर स्थायी काम करने की बजाय कामचलाऊ हल ढूंढ लिया है।

सरकार और देश के राजनीतिक दल, लोगों को फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी देने से बचने के लिए बाकी हर चीज मुफ्त में देने को तैयार है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं ? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है ? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है ? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं ? क्योंकि अगर आप जोड़ कर देखेंगी तो ये सभी खर्च मिलाकर आपको महिला सम्मान या लाडली बहना योजना के नाम पर मिलने वाली राशि से कई हजार गुना ज्यादा बैठ जाएगी।

# ईएसी की नेक सलाह

पीएलएफएस यानी पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे के नतीजों के अनुसार, साल 2017-18 से 2019-20 तक के तीन सालों में कुल कमाई में आबादी के टॉप 1 फीसदी का हिस्सा 6-7 प्रतिशत था। ज्यादा सटीकता से कहा जाए तो यह हिस्सा तीन वर्षों में 6.14 फीसदी से बढ़कर 6.82 फीसदी हुआ था। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में आया यह सुझाव महत्वपूर्ण है कि देश में आय की जबर्दस्त विषमता को कम करने के लिए यूनिवर्सल बेसिक इनकम और शहरी रोजगार गांरटी योजनाएं शुरू की जाएं। रिपोर्ट में यह बात रेखांकित की गई है कि देश में आय वितरण की पहले से ही असंतुलित स्थिति धीरे-धीरे और बदतर होती जा रही है। हालांकि रिपोर्ट में जिन आंकड़ों के सहारे यह बात कही गई है, उनसे तस्वीर ज्यादा असंतुलित नहीं नजर आती। मिसाल के तौर पर, इसमें पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के तीन दौर के रिजल्ट्स के हवाले से बताया गया है कि 2017-18 से 2019-20 तक के तीन सालों में कुल कमाई में आबादी के टॉप 1 फीसदी का हिस्सा 6-7 प्रतिशत था। ज्यादा सटीकता से कहा जाए तो यह हिस्सा तीन वर्षों में 6.14 फीसदी से बढ़कर 6.82 फीसदी हुआ था। अगर कमाई में बढ़ोतरी की बात करें तो इन तीन वर्षों में आबादी के टॉप 1 फीसदी हिस्से की आय 15 फीसदी बढ़ी जबकि आबादी के सबसे निचले 10 फीसदी हिस्से की आय में 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

इन आंकड़ों के बरक्स हम पिछले साल दिसंबर में जारी वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2022 को रखें तो हालात कहीं ज्यादा गंभीर नजर आते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में देश में कुल आमदनी का 22 फीसदी हिस्सा टॉप एक फीसदी आबादी के खाते में था। टॉप 10 फीसदी आबादी कुल आमदनी के 57 फीसदी हिस्से पर काबिज थी। नीचे की 50 फीसदी आबादी को राष्ट्रीय आय के महज 13 फीसदी हिस्से पर संतोष करना पड़ रहा था। आश्चर्य नहीं कि इस वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट में भारत को दौलतमंद इलीट वाला गरीब और बेहद असमान देश बताया गया था। बहरहाल, ब्योरे में जो भी फर्क हो, निष्कर्ष में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने भी स्थिति को गंभीर मानते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। हालांकि यूनिवर्सल बेसिक इनकम योजना शुरू करने की बात कोई नई नहीं है।

वित्त वर्ष 2017 के आर्थिक सर्वे में तत्कालीन मुख्य वित्तीय सलाहकार अरविंद सुब्रमणियन की यह सलाह दर्ज की गई थी कि सब्सिडी के लंबे चौड़े खर्च के बदले यूनिवर्सल बेसिक इनकम योजना शुरू की जाए ताकि हर व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ आमदनी सुनिश्चित की जा सके। बाद में आईएमएफ ने भी फूड और फ्यूल सब्सिडी के बदले यूनिवर्सल इनकम स्कीम शुरू करने के सुझाव पर जोर दिया था। इससे कहीं न कहीं यह आशंका भी बनती है कि प्रस्तावित स्कीम लोगों की आमदनी में अंतर घटाने के बजाय सब्सिडी से छुटकारा दिलाने के उद्देश्यों तक सीमित न रह जाए। मगर मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना जरूर समय की जरूरत है। इससे जहां असंगठित क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को आजीविका मिलेगी, वहीं इकॉनमी में डिमांड बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है।




# बापू सेंटर पर हुई बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द

**10 हजार कैंडिडेट्स फिर देंगे एग्जाम, डीएम की रिपोर्ट पर एक्शन; नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा**

**13 दिसंबर को BPSC की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान हंगामा**

**बीपीएससी और जिला प्रशासन ने दावा किया था कि पूरी जांच के बाद छात्रों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।**

**पटना।** बीपीएससी ने पटना के बापू सेंटर पर हुई 70वीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर दी है। 13 दिसंबर को हुई परीक्षा में बापू सेंटर में कैंडिडेट्स ने हंगामा किया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद डीएम ने रविवार को आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। सोमवार को बीपीएससी ऑफिस में डीएम की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। साढ़े 3 बजे आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक सेंटर पर हुई परीक्षा को रद्द कर दिया। बापू सेंटर पर 9 हजार 969 कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी। कई वीडियो मिले हैं, IT सेल जा इढरउ अध्यक्ष ने बताया कि 'पटना ररढ के लेवल पर दो टीम का गठन किया गया है। जो मामले की जांच कर रही है। आयोग की जांच में 25 से 30 लोगों की पहचान की गई है। उन पर आयोग कर्रवाई करेगा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने परीक्षा में लेट प्रश्न पत्र मिलने को लेकर विवाद किया है।' 'बापू सेंटर पर लेट से क्वेश्चन पहुंचा था। वहां बताया गया था कि आपको अधिक टाइम दिया जाएगा आप अपनी परीक्षा दें। 1 बजे के आसपास असामाजिक तत्वों ने परीक्षा दे रहे कई कैंडिडेट्स के प्रश्न पत्र छीन लिए। हमें काफी सारे ईमेल मिले हैं, जिसमें कई कैंडिडेट्स ने कहा कि हम सही तरह से परीक्षा दे रहे थे, लेकिन असामाजिक तत्वों ने परीक्षा नहीं देने दी।' पटना डीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि '13 दिसंबर को बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान हंगामा करने वालों में परीक्षार्थियों के रूप



में कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल थे। उनका एक ग्रुप परीक्षा भवन के बाहर भी मौजूद था। ये लोग बाहर से हंगामा करने के लिए तैयार थे। ये लोग एग्जाम कैंसिल करवाना चाहते थे। इन पर अब हत्या का केस दर्ज होगा।' जांच रिपोर्ट में कहा गया कि 'हॉल के अंदर अभ्यर्थियों ने हंगामा किया था। पश्न पत्र देर से मिलने के कारण सेंटर के अंदर और बाहर भी प्रदर्शन किया गया था।' प्रशासन ने बापू परीक्षा केंद्र के अंदर का सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। वीडियो में कुछ कैंडिडेट्स पेपर छीनते और फाड़ते नजर आ रहे हैं। जिला प्रशासन ने वीडियो जारी कर कहा कि बापू परीक्षा केंद्र के कुछ कमरों में देर से प्रश्न पत्र मिले। इसके बाद अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू किया। पटना डीएम चन्द्रशेखर ने बताया है 'कुछ शरारती तत्वों ने हंगामा शुरू किया था। इसके बावजूद परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। वीडियो में दिख रहे जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा का माहौल खराब किया है। उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।' डीएम चंद्रशेखर ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया 'परीक्षार्थी के रूप में कुछ असामाजिक तत्व परीक्षा में शामिल हुए थे। उनका एक ग्रुप परीक्षा हॉल के बाहर भी मौजूद था। ये लोग बाहर से हंगामा करने के लिए तैयार थे। कुछ अभ्यर्थियों ने सेंटर के सुपरिटेंडेंट को घेरकर परीक्षा निरस्त होने की घोषणा करने के लिए दबाव बनाया, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।' 'इसके अलावा कुछ परीक्षार्थी तोड़फोड़ और दूसरे तरीकों से परीक्षा को बाधित कर रहे थे। वे ये करके किसी तरह परीक्षा कैंसिल करवाना चाह रहे थे। ऐसे परीक्षार्थियों और उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ हत्या का मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। इस प्रकरण में कुछ कोचिंग संस्थानों की भी भूमिका की जांच की जाएगी।' सेंटर सुपरिटेंडेंट की हार्ट अटैक से हुई थी मौत शुक्रवार को बापू एग्जाम सेंटर पर अभ्यर्थियों के हंगामे के दौरान एडिशनल सेंटर सुपरिटेंडेंट राम इकबाल सिंह को हार्ट अटैक आया था। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, एक महिला परीक्षार्थी भी बेहोश हो गई थी।

## संक्षिप्त डायरी

### नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर दो युवकों से वसूले 1.56L

**बेगूसराय।** नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर दो युवकों को कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का सपना दिखाकर बंधक बनाया गया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की गई। फिर दोनों को टॉर्चर कर 1.56 लाख वसूले गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, 6 दिसंबर को एक लड़की ने समस्तीपुर के दो युवकों को फोन किया और कहा कि मेरी नेटवर्क मार्केटिंग में अच्छी कमाई होती है। अगर आपको भी ज्यादा पैसा कमाना है तो मिलने के लिए बेगूसराय आ जाइए। लड़की की बातों को सुनकर दोनों लड़के बेगूसराय पहुंच गए। यहां पहुंचकर दोनों ने लड़की को फोन किया तो उसने कहा कि बछवाड़ा स्टेशन के पास आ जाइए। जब दोनों युवक स्टेशन के पास पहुंचे तो करीब 20 से अधिक बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और गन पॉइंट पर जबरन कार में बैठा लिया। सुनसान जगह ले जाने के बाद दोनों की पहले बेरहमी से पिटाई की गई। इसके बाद बदमाशों ने 10 लाख रुपए की डिमांड कर दी। लड़कों ने जब इतने पैसा नहीं होने की बात की तो पूछा गया, कितने पैसे दे सकते हो। दोनों ने कहा, रिश्तेदारों और दोस्तों से बात करनी होगी। फिर दोनों लड़कों ने किसी तरह 1.56 लाख रुपए का इंतजाम किया। इसके बाद बदमाशों के कहने पर फोन-पे के जरिए रुपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ितों के मुताबिक, रुपए देने के बाद फिर से उनकी पिटाई की गई और छोड़ दिया गया। साथ ही धमकी भी दी गई कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। वीडियो बनाकर मनमानी बातें भी कबूल करवाई।

### पिता के बयान पर 8 के खिलाफ FIR



**भोजपुर।** के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़कागांव-अख्तियारपुर गांव निवासी आठवीं क्लास के स्कूली छात्र अंकित कुमार की हत्या मामले में FIR हुई है। मृतक छात्र के पिता गणेश यादव के बयान पर मुफस्सिल थाना में हुई प्राथमिकी में अख्तियारपुर-बड़कागांव गांव निवासी सोनू यादव उर्फ श्रवण यादव, विश्वकर्मा यादव, त्रिलोकी यादव उर्फ नकली यादव, राजू यादव, कौशिक दुलारपुर रितिक उर्फ श्रीकांत यादव, अंकित कुमार, मखिया यादव तथा दोनों के पिता रमेश यादव को नामजद आरोपित किया गया है। पार्टी के बहाने बुलाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस तकनीकी अनुसंधान के जरिए साक्ष्य एकत्रित करने के प्रयास में लगी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक अंकित के पिता ने FIR में कहा है कि 11 दिसंबर की दोपहर उनके बेटे के मोबाइल पर फोन कर पार्टी मनाने के लिए बुलाया गया था। जब उनकी पत्नी ने पूछा कि किसका फोन आया है तो उनके बेटे ने बताया था कि गांव के लड़कों ने पार्टी मनाने के लिए बुलाया है, जिस पर उनकी पत्नी ने मना किया था कि पार्टी मनाने मत जाओ, वे लोग धोखेबाज हैं। इसके बावजूद उनका बेटा चला गया। जब उनका बेटा रात तक में घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई। लेकिन, उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शनिवार की दो बजे उनके बेटे का शव रतन दुलारपुर बधार से बरामद किया गया। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। पिता के अनुसार दो महीने पहले भी मुख्य आरोपित सोनू यादव समेत अन्य से लूडो खेलने के दौरान झगड़ा हुआ था। बाद में समझौता के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद से ही धमकी दी जा रही थी। उन्हें विश्वास है कि आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है।

### जमीनी विवाद में पड़ोसी ने पीटा, 5 जख्मी



**भोजपुर।** जिले के पीरो थाना क्षेत्र के रजैया में रविवार की देर शाम जमीन बेचने के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से पीटकर सगे भाई समेत पांच लोगों को जख्मी कर दिया। सभी को इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मियों में रजैया (मसडिया टोला) निवासी स्व.चंद्रमा सिंह के पुत्र अवध कुमार सिंह,बृज बिहारी सिंह उनकी बहू शारदा देवी,शोभा देवी और पोती अंशु कुमारी शामिल है। शारदा देवी ने बताया कि उनके पड़ोसी ने साढे तीन कट्ठा जमीन बेच दिया गया है। जिसमें आधा कट्ठा उनके हिस्से का शामिल है। जमीन को लेकर करीब छह महीना से विवाद चल रहा है। रविवार को उनके आधा कट्ठे जमीन पर पड़ोसी ने खूंटा गाड़ दिया गया था। जब उनके पति बृज बिहारी सिंह और जेठ अवध कुमार सिंह के द्वारा उस खूंटे को उखाड़ दिया गया तो उनके बीच कहासुनी हुई। कहासुनी होने के बीच में उन लोगों ने सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। जिससे सभी जख्मी हो गए।जख्मी शारदा देवी ने अपने पड़ोसी उपेंद्र,धर्मेंद्र ,प्रमोद और शिव शंकर पर अपने पति और जेठ को रॉड से और तीनो लोगों को मुक्का और डंडों से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## शादी करो, नहीं तो अश्लील फोटो-वीडियो वायरल कर दूंगा

**बेगूसराय।** में रविवार शाम प्रेमी से परेशान एक नाबालिग (17) प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वो 10वीं क्लास की छात्रा थी। प्रेमी अवधेश (20) पर आरोप है कि वह नाबालिग पर शादी का प्रेशर बना रहा था। लड़की ने जब मना किया को आरोपी उसकी अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। जानकारी के मुताबिक, लड़की रिश्ते में आरोपी की मौसी लगती थी। इसी वजह से वह उससे शादी करना नहीं चाहती थी। शादी से इनकार करने पर अवधेश ने नाबालिग के घर आकर उसके साथ गाली-गलौज भी की थी। लड़की के जीजा का कहना है कि इससे परेशान होकर लड़की ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद से



आरोपी फरार है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र की है।समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली लड़की बीते चार साल से अपनी मौसेरी बहन के घर बेगूसराय में रह रही थी। वह वहां मैट्रिक की तैयारी कर रही थी। मौसेरी बहन के पति सऊदी अरब में रहते हैं। घर पर बहन अपने दो बच्चों के साथ अकेली रहती है। उनके साथ रहने और देखभाल के लिए उसे यहां लाया गया था।

## आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में बक्सर पहुंची अभिनेत्री तनुश्री दत्ता

बक्सर में सोमवार की रात पहुंची बॉलीवुड की जानी मानी हीरोईन तन्नु श्रीदत्ता ने कहा नारी नारी सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रमों में पहुंचती रहती हूं। बता दें की हुमैन राइट एंड सोशल जस्टिस की ओर से आयोजित ₹बक्सर आइकॉन अवॉर्ड सेरेमनी में पहुंची हुई थी। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने एक तरफ जहां बक्सर को महर्षि विश्वामित्र की धरती पर पहुंचना अपने को भाग्यशाली मान रही थी। तो वही नारी सहित सबके सशक्तिकरण की बात करते नजर आई। आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में पहुंची थी बता दें की रविवार की



रात बक्सर आइकन अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स और प्रसिद्ध बॉलीवुड अदाकारा तनुश्री दत्ता मुख्य अतिथी के रूप में जिले के होटल ईस्टर्न ग्रेस में पहुंची। जिसकी अध्यक्षता बिहार सचिव, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के डॉक्टर दिलशाद आलम ने की। डॉक्टर दिलशाद आलम ने बताया कि₹यह बक्सर आइकन अवार्ड का पहला संस्करण है।भविष्य में और भी क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह कार्यक्रम समाज की प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम किया है। बक्सर वासियों को दी शुभकामनाएं मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची बॉलीवुड की मशहूर हिरोइन तनुश्री दत्ता के हाथों लोगो ने अवॉर्ड पाकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किए। जहां मीडिया से बात करते हुए तनुश्री दत्ता ने कहा की बहुत अच्छा लगा बक्सर आ कर के सभी बक्सर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## मानव बलों का एक दिवसीय धरना

**आरा।** बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन के मानव बलों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मानव बलों की 60 साल की सेवा पक्की करने, पूर्व के संघर्षों में हटाए गए मानव बलों को वापस काम पर रखने समेत अन्य मांगों को लेकर आज एक दिवसीय धरने में भोजपुर के सभी मानव बल शामिल हुए। आरा हेड क्वार्टर के मानव बल सुशील कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग में नियमित कार्य के लिए वह स्रोत से मानव बलों की सेवाएं बिचौलिए एजेंसी से ली जा रही है। इस एजेंसी को सेवा शुल्क के नाम पर मजदूरों के वेतन का 10% भुगतान किया जा रहा है। जीएसटी के नाम पर 18 प्रतिशत



कटौती हो रही है। इस एजेंसी की व्यवस्था भी सही नहीं है। अगर प्रबंधन इस बिचोली एजेंसी को हटाकर स्वयं इन कर्मियों को रखती है तो सीधे ही वर्तमान में 28% बचत होगा। राज्य सरकार का श्रम संसाधन विभाग समय-समय पर बिहार के कई इंडस्ट्री एवं उसके कई श्रेणी के कामगारों के लिए दैनिक मजदूरी की दर तय करती है। आज तक विद्युत वितरण कंपनी में 11 कवि या 33 कब लाइन में कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी राज्य सरकार तय नहीं कर पाई है। अभी दोनों वितरण कंपनी में बाह्य एजेंसी से कार्यरत मानव बालों को वही मजदूरी दी जाती है जो एलइडी बनाने वाली कंपनी के मजदूरों को दी जाती है। या घर नाइंसाफी है दोनों के कार्य प्रति और जोखिम आदि में जमीन आसमान का अंतर है। जिस प्रकार राज्य सरकार के द्वारा बेल्ट्रॉन में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर या जिला के पैनल से नियुक्त एग्जीक्यूटिव अस्सिटेंट एवं अन्य विभागों में बाह्य एजेंसी के कर्मियों हेतु सेवा नियमावली निर्गत की गई है। इसी तर्ज पर विद्युत कंपनियों में कार्यरत मानव बालों की सेवा भी 60 साल की उम्र तक पक्की की जाए। साथ ही स्थानांतरण, छुट्टी कार्य के दौरान मृत्यु पर मुआवजा आदि सेवा का शर्त तय किया जाए। बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन के उप महामंत्री मोहम्मद असलम इराकी ने कहा कि बोनस अधिनियम 1965 के प्रावधानानुसार प्रत्येक संस्था को अपने उन सभी कर्मियों को न्यूनतम 8.33 परसेंट बोनस देना है,।

## पटना सिटी में सड़क हादसे में युवक ने दम तोड़ा

**पटना।** सिटी के शीतला मंदिर ओवर ब्रिज पर सोमवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक के शव को पटना के नालंदा मेडिकल अस्पताल में भेज दिया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ट्रैफिक थाना के प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बाइक के परखच्चे उड़े अगम कुआं थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर सुबह में एक युवक बाइक से जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि युवक के बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में युवक पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल भेजा पुलिस ने युवक को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया है। ट्रैफिक थाने की पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक की पहचान करने में जुट गई है।

## भोजपुर में हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार


**भोजपुर।** जिले के लहठान गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। अपराधी की पहचान लहठान गांव निवासी बीरेन्द्र यादव के रूप में हुई है। जिसके पास से एक देसी पिस्तौल व एक गोली बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधी का पराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। मामले को लेकर बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शख्स अवैध लेकर घूम रहा है। जो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिस दौरान आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया गया।



पुलिस बरामद अवैध हथियार के बारे में पूछताछ कर जानकारी एकत्रित कर रही है। बता दें कि इससे पहले अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने डोमन डिहरा गांव से रामजी राय को एक देसी पिस्तौल, चाकू व पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। एसपी राज के निर्देश पर लगातार अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिले में दो महीने के अंदर तीन दर्जन से अधिक अवैध हथियार बरामद हो चुका है।

## 500 करोड़ की लागत से बनेगा सीमेंट फैक्ट्री

**बक्सर।** के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कांट और रघुनाथपुर के बीच आज जेके सीमेंट कंपनी का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा,₹हमारी कंपनी अब उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए अपने उत्पादों का निर्माण और वितरण करेगी। जेके सीमेंट के वाईस चेयरमैन डॉ निधिपति सिंघानिया और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने नई ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया।कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भूमि पूजन समारोह के दौरान मौजूद रहे। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने बिहार के मार्केट में विश्वस्तरीय सीमेंट उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा





करने की दिशा में एक और नए अध्याय की शुरूआत की है। बक्सर में जेके सीमेंट कंपनी के स्थापित होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव डॉ.सिंघानिया ने बताया कि यहां के युवाओं को उनकी स्किल और योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।इस समारोह में जिले के कई आला अधिकारियों ने भाग लिया। बक्सर के विकास आयुक्त (डीडीसी) महेंद्र पॉल और एसडीएम राकेश कुमार ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा अन्य अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस नए प्रोजेक्ट के शुरू होने से क्षेत्रीय उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।नई ग्राइंडिंग युनिट पर बात करते हुए डॉ राघवपत सिंघानिया,मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट ने कहा,आज आयोजित यह समारोह बिहार में जेके सीमेंट के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमें खुशी है कि हम अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को इस वाइब्रेंट और तेजी से विकसित होते क्षेत्र में ला रहे हैं। यह ग्राइडिंग युनिट न सिर्फ देश में हमारी मौजूदगी को सशक्त बनाएगी बल्कि बिहार में इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। हमें विश्वास है कि अपनी आधुनिक निर्माण क्षमता एवं गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्धता के साथ हम स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। 500 करोड़ की अधिक के लागत से बनेगा फैक्ट्री जानकारी दी गई की नई ग्राइडिंग यूनिटी बिहार में प्रीमियम सीमेंट की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए क्षेत्र में प्रमुख प्लेयर बन जाएगी। गौरतलब है कि यह मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है। यह विस्तार पूर्वी भारत में जेके सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी को सशक्त बनाने तथा देश में मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बक्सर युनिट की प्रस्तावित क्षमता 3.00 एमटीपीए है, जो अगले साल तक जेके सीमेंट की उत्पादन क्षमता को 30 एमटीपीए से अधिक तक ले जाने की कंपनी की योजनाओं में योगदान देगी।

बिहार में कई बड़ी परियोजनाओं के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के टिप्स

**मुंबई।** हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है- समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये, जिसमें आवश्यक पोषक तत्व हों। स्मार्ट स्नैकिंग के लिए कैलिफोर्निया आमंड एक बेहतरीन विकल्प हैं। 200 से ज्यादा प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, बादाम में 15 पोषक तत्व जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। कैलिफोर्निया आमंड विशेष रूप से प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, जो न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में भी मदद करता है। आप बादाम को भूनकर खा सकती हैं या इन्हें भारतीय मसालों/स्पाइस के साथ मिला सकते हैं। क्योंकि बादाम ऊर्जा का खजाना हैं, ये आपको एनर्जी से भरपूर महसूस कराएंगे।

### खुलते ही पूरा भर गया था आईपीओ, 51 प्राइस बैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स के मार्केटिंग और डिस्ट्रिब्यूशन में सक्रिय कंपनी हैम्प्स बायो लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को निवेश के लिए ओपन हुआ था। यह इश्यू 17 दिसंबर को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 51 रुपये तय किया गया है। इस एसएमई इश्यू को पहले दिन पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया था। पहले ही दिन इसको 10.61× सब्सक्राइब कर लिया गया था। शेयर आवंटन 18 दिसंबर को किया जाएगा। सफल बोलीदाताओं के डीमैट खाते में हैम्प्स बायो शेयरों का क्रेडिट किया जाएगा। हैम्प्स बायो लिमिटेड के शेयर 20 दिसंबर को बीएसई एसएमई पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

इन्वेस्टरगेन के अनुसार, हैम्प्स बायो के शेयर ग्रे मार्केट में 40 रुपये प्रति शेयर प्रीमियम पर हैं। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयरों की संभावित लिस्टिंग कीमत 91 रुपये होगी। यानी लिस्टिंग पर करीबन 79 प्रतिशत का मुनाफा हो सकता है।

**क्या ह डिटेल-** हैम्प्स बायो आईपीओ का प्राइस बैंड 51 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों को एक लॉट में कम से कम 2,000 शेयर खरीदने होंगे, जिससे न्यूनतम निवेश राशि 1,02,000 रुपये हो जाएगी। बिगशेयर सर्विसेज प्रा. को हैम्प्स बायो आईपीओ के लिए रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। मारवाड़ी चंदराना इंटरमीडियरीज ब्रोकर्स प्रा. इश्यू और प्योर ब्रोकी के बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

हैम्प्स बायो लिमिटेड व्यवसाय और वित्तीय हैम्प्स बायो लिमिटेड 50 से अधिक वितरकों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के नेटवर्क के माध्यम से टैबलेट, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, तेल और पोषण संबंधी पूरक सहित फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स का डिस्ट्रिब्यूशन करता है। इन प्लेटफार्मों में अमेजन (यूएस, कनाडा, ईयू), फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट शामिल हैं। फार्मा उत्पाद भारत भर के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बेचे जाते हैं।

# बिहार में जहानाबाद की सीमा सिंह को जानते हैं, जिन्होंने मुंबई के वर्ली में 185 करोड़ का अपार्टमेंट खरीदा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महंगे प्रॉपर्टी का सबसे बड़ा बाजार है मुंबई। वहां 3-4 सौ करोड़ रुपये के फ्लैट बिकने की ऐसे खबर आती है, जैसे यहां महंगे हीरे के हार बिकने की खबर आती है। अभी पिछले दिनों ही मुंबई के वर्ली इलाके में रियल एस्टेट का एक बड़ा सौदा हुआ है। यह सौदा अलकेम लैबोरेटरी लिमिटेड के प्रमोटर परिवार की बहू सीमा सिंह ने किया है।

**कौन हैं सीमा सिंह-** महाराष्ट्र की एक दवा कंपनी है अल्केम लैबोरेटरीज। इसके प्रमोटर हैं बिहार में जहानाबाद के रहने वाले संप्रदा सिंह और उनके छोटे भाई बासुदेव नारायण सिंह। इस परिवार की दूसरी पीढ़ी के सदस्य हैं मृत्युंजय सिंह। उनकी पत्नी हैं सीमा सिंह। आजकल सीमा सिंह सुर्खियों में हैं। उनकी सुर्खियों में रहने की वजह है कि उन्होंने मुंबई के वर्ली में एक आलीशान



सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। इसके लिए 185 करोड़ रुपये की भारी भरकम रकम चुकाई गई है।

**कौन है इस प्रोजेक्ट का डेवलपर-** मुंबई का वर्ली सी फेस पर बन रहे एक सुपर-प्रीमियम रेजिडेंशियल टावर बन रहा है। इसका नाम है लोढ़ा सी फेस। इसी प्रोजेक्ट में सीमा सिंह ने 185 करोड़ रुपये का एक आलीशान सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। यह सौदा इस साल मुंबई के दूसरे सबसे बड़े लग्जरी अपार्टमेंट सौदे के रूप में दर्ज हुआ है। सिंह ने यह अपार्टमेंट प्रोजेक्ट डेवलपर मैक्रोटेक डेवलपर्स से सीधे खरीदा है। इस डील में उन्हें 9 कार पार्किंग स्लॉट भी मिलेंगे।

सीमा सिंह ने जो अपार्टमेंट खरीदा है, वह टावर की 30वीं मंजिल पर स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 14,000 वर्ग फुट है। यह अपार्टमेंट अरब सागर का खूबसूरत नज़ारा पेश करता है। लोढ़ा सी फेस मुंबई के सबसे पॉश इलाकों में से एक, वर्ली सी फेस पर स्थित है। यह इलाका अपने आलीशान अपार्टमेंट्स और ऊंची इमारतों के लिए जाना जाता है।

### रजिस्ट्री के लिए चुकाई 9.25 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी

सीमा सिंह ने हाल ही में कंपनी में अपनी 0.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के 3.58 लाख से अधिक शेयर बेचे थे। इससे उन्हें 177 करोड़ रुपये मिले। उसमें कुछ और रकम मिला कर यह अपार्टमेंट खरीदा गया है। इस सौदे की रजिस्ट्री बीते बुधवार को मुंबई में हुई। इसकी रजिस्ट्री के लिए सीमा सिंह ने 9.25 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। यह खबर हमारे सहयोगी ईटी द्वारा एक्सेस किए गए रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स से मिली है।

### कोई नया नहीं है यह महंगा सौदा

हमें-आपको यह सौदा भले ही बेहद महंगा लग रहा हो। लेकिन मुंबई के पॉश इलाकों में यह आम है। इसी साल अप्रैल में मुंबई के मालाबार हिल स्थित लोढ़ा मालाबार में 270 करोड़ रुपये में एक प्रॉपर्टी का सौदा हुआ था, जो इस साल का सबसे बड़ा लग्जरी अपार्टमेंट सौदा था। वहीं, देश का अब तक का सबसे महंगा सौदा 2023 में हुआ था, जब गर्भनिरोधक निर्माता फेमी केयर के संस्थापक, उद्योगपति जेपी तपरिया के परिवार ने मालाबार हिल में ही उसी टावर में 369 करोड़ रुपये से अधिक में एक सी-व्यू लग्जरी ट्रिप्लेक्स अपार्टमेंट खरीदा था। ये सभी सौदे मुंबई के रियल एस्टेट बाजार की मजबूती को दर्शाते हैं।

### महाराष्ट्र में महिलाओं को छूट

महाराष्ट्र सरकार ने साल 2021 में महिला होमबायर्स के लिए स्टांप ड्यूटी में 1 प्रतिशत की छूट की घोषणा की थी। इस योजना के तहत, एक महिला होमबायर को मुंबई में सौदे के रजिस्ट्रेशन के लिए 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी देनी होती है। इसी योजना का लाभ उठाते हुए, सीमा सिंह ने 9.25 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया।

### मुंबई देश का सबसे महंगा प्रॉपर्टी मार्केट

मुंबई, देश का सबसे बड़ा और सबसे महंगा प्रॉपर्टी मार्केट, प्रॉपर्टी सौदों के मामले में लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। दक्षिण और मध्य मुंबई, जहाँ भारत के सबसे महंगे अपार्टमेंट हैं, इस प्रदर्शन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में इन माइक्रो मार्केट्स में उद्योगपतियों, शीर्ष कॉर्पोरेट अधिकारियों, अभिनेताओं और खेल हस्तियों से जुड़े कई बड़े सौदे हुए हैं। यह ट्रेंड आने वाले समय में भी जारी रहने की उम्मीद है।

# लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस है कार्लोस स्लिम

### स्लिम के माता-पिता लेबनॉन से मेक्सिको आए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स पर नजर डालें तो वहां भारत के दो रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आपको मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम का नाम दिखेगा। कार्लोस स्लिम लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी नेटवर्थ 85.4 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अंबानी से एक स्थान नीचे और अडानी से एक स्थान ऊपर 18वें नंबर पर हैं। स्लिम के पास लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी मोबाइल फोन ऑपरेटर कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक है।

कार्लोस स्लिम हेलू का जन्म 1940 में मेक्सिको सिटी में हुआ था। उनके माता-पिता लेबनॉन से आकर मेक्सिको में बसे थे। उन्होंने 1961 में मेक्सिको स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की नेशनल ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी शुरू की और 1980 के दशक में मेक्सिको के



कर्ज संकट के दौरान टोबैको, कॉपर और माइनिंग में जमकर निवेश किया। साथ ही उन्होंने 1990 के दशक में रेस्टोरेंट एंड रिटेल चेन सैनबोर्न हरमनोस को भी खरीद लिया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी टेलिकॉम कंपनी टेलमैक्स और वायर एंड फाइबर-ऑप्टिक केबल बनाने वाली कंपनी ग्रुपो कंडुमेक्स को भी अपनी झोली में डाल लिया।

**मौके पर चौका-** पिता का कारोबार संभालने के उन्होंने स्टॉक ट्रेडर के तौर पर काफी मेहनत की। 25 की उम्र में उनके पास 30 लाख डॉलर की बड़ी राशि आई। मेक्सिको में कर्ज संकट और तेल की कमी उनके लिए एक बड़ी संभावना बनकर आई। पैसा बहुत तेजी से देश के बाहर जा रहा था। मौके का लाभ उठाते हुए उन्होंने काफी कम कीमत में कई कंपनियां खरीदीं। फिर उन्होंने इन कंपनियों को मुनाफे में लाकर बेच दिया। स्लिम इसे ही अपनी सफलता का राज मानते हैं।

### कैसे मिली सफलता

एक दशक बाद उन्होंने अमेरिकन मोविल के बैनर तले पूरे लैटिन अमेरिका में मोबाइल फोन ऑपरेशंस को खरीदा। 2011 में उन्होंने इसे टेलमैक्स में मर्ज कर दिया। स्लिम की साथ ही कई कमर्शियल बैंकों और एनर्जी कंपनियों में भी हिस्सेदारी है। अपनी फैमिली इनवेस्टमेंट कंपनी ग्रुप कारसो के जरिए उन्होंने मेक्सिको की कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में भी निवेश किया है। स्लिम की वेल्थ में बड़ा हिस्सा पब्लिकली ट्रेडेड कंपनियों से आता है। उनकी आधी दर्जन से अधिक पब्लिक कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनसे उन्हें डिविडेंड मिलता है। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में भी 6.4 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी।

स्लिम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से ही वह उद्यमी बनकर अपने पिता के काम में हाथ बंटाना चाहते थे। छोटी उम्र में ही उन्होंने पिता से बिजनस का ककहरा सीख लिया था। उनके पिता ने उन्हें फाइनेंस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग के बारे में बताया था। 11 साल की उम्र में उन्होंने गवर्नमेंट सेविंग्स बॉन्ड में निवेश किया, तो उन्हें पहली बार चक्रवृद्धि ब्याज के बारे में पता चला। 12 साल की उम्र में उन्होंने मैक्सिकन बैंक में पहला शेयर खरीदा था। जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गई। पिता के कारोबार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के साथ अर्थशास्त्र की भी पढ़ाई की ताकि कारोबार की बारीकियों को समझ सकें।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा; एफपीआई के आंकड़े भी आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।




इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अकतूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

### पहले बात करते हैं शेयर बाजार की

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा

- समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
- इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही।
- एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# एफपीआई रिटर्न्स, दिसंबर में भारतीय शेयर मार्केट में 22,766 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में वापसी की है। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। अक्टूबर की निकासी का आंकड़ा सबसे खराब रहा था।

दिलचस्प तथ्य यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। यह विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख में अस्थिरता को दर्शाता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा फ्लो के साथ 2024 में अबतक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, आगे चलकर भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगा। इनमें डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा राष्ट्रपति के रूप में लागू की गई नीतियां, मौजूदा मुद्रास्फीति और ब्याज दर की स्थिति और भू-राजनीतिक परिदृश्य शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे और आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर देश की प्रगति भी निवेशक धारणा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने अबतक (13 दिसंबर तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसकी वजह यह है कि माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती करेगा। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को कम करके तरलता बढ़ाई है, जिससे निवेशकों की धारणा को बल मिला है।

# कोका-कोला और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के बीच हुआ रणनीतिक निवेश समझौता

**मुंबई, एजेंसी।** कोका-कोला कंपनी ने आज विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति वाले एक मल्टी-बिलियन समूह जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के साथ एक अनुबंध की घोषणा की है। इसके तहत जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। यह कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड की मूल कंपनी है, जो भारत में कोका-कोला का सबसे बड़ा बॉटलर (एक ऐसी कंपनी या संगठन, जो पेय पदार्थों, खासकर कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का उत्पादन, पैकिंग और वितरण करता है) है।

कोका-कोला ने हमेशा ही उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और अब भारत में उपलब्ध अवसरों में निवेश करके यह सतत् और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। भारत में कोका-कोला के स्थानीय स्वामित्व वाले फ्रेंचाइजी पार्टनर सफल परिणामों को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का यह निवेश कंपनी की निरंतर सफलता में योगदान करेगा और भारतीय बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।

कोका-कोला इंडिया के प्रेसिडेंट संकेत रे ने कहा, ''हम भारत में कोका-कोला सिस्टम में जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का स्वागत करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपने अलग-अलग तरह के अनुभव के साथ, जुबिलेंट अपने दशकों के समृद्ध अनुभव को लेकर आया है, जो कोका-कोला सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद करेगा और हमें बाजार में अग्रणी बने रहने में सक्षम बनायेगा। इसके साथ ही हमें स्थानीय समुदायों और ग्राहकों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।''

हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के सीईओ जुआन पाबलो रोड्रिग्ज़ ने कहा, ''यह रणनीतिक निवेश हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दिखाता है। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप की विशेषज्ञता हमारी ताकत को और मजबूती देती है, जिससे हमने अपने हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करना जारी रखा है। साथ ही हम नवाचार और स्थायी रूप से प्रगति को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्याम एस. भारतिया, फाउंडर व चेयरमैन और हरि एस. भारतिया, फाउंडर व को-चेयरमैन, जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने कहा, ''कोका-कोला कंपनी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से कुछ का घर है, और हम उनके साथ जुड़कर उत्साहित हैं। साथ मिलकर हम कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसरों का लाभ उठाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय उपभोक्ता कोका-कोला कंपनी के लोकप्रिय स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का आनंद ले सकें।

ये बदलाव और निवेश कोका-कोला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी ने दुनिया को तरोताज़ा करने और एक सकारात्मक बदलाव लाने के अपने उद्देश्य पर आगे बढ़ना जारी रखा है।

# काइनैटिक ग्रीन ने अनूठेकार्यक्रमों से दी महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

**पुणे एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने कार्यस्थल पर महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। कंपनी खासतौर पर नेतृत्व की भूमिकाओं और विनिर्माण कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के विज़न से प्रेरित, काइनेटिक ग्रीन ऐसा माहौल तैयार कर रही है, जहां महिलाएं अपनी क्षमताओं को निखार सकें, नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें और परिवहन के बेहतर भविष्य में अपनी भूमिका निभा सकें।

काइनैटिक ग्रीन ने हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे स्थित सूपा प्लांट में अपने'वर्ल्ड इन ए रूम' अभियान का समापन किया है। इससे सामुदायिक भागीदारी, प्लांट स्तर के अभियानों और नेतृत्व विकास के माध्यम से विविधता लाने का उनका संकल्प नजर आता है। इस कार्यक्रम के शीराइजऔर स्किलहर जैसे प्रमुख कार्यक्रम, महिलाओं को नेतृत्व के गुर सिखाते हैं और उन्हें विशेष प्रकार की ट्रेनिंग से लैस बनाते हैं। इसके साथ ही तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ा रही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए जयश्री फिरोदिया इनोवेशन अवॉर्ड की शुरुआत की गई है। साथ ही पुणे के प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम को जोश और आशाओं से भर दिया। यह दर्शाता है कि परिवहन उद्योग का भविष्य कितना उज्जवल और व्यापक है। सुश्री प्रतीक्षा टोंडवालकर (एसबीआई) और सुश्री अंजलि गुलाटी(पीपल कनेक्ट) सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने प्रतिभा रणनीतियों में दृढ़ता और विविधता पर अपने विचारों से वहां उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में श्री रंजीत कोंडेशन (सीएचआरओ), श्री धीरेंद्र सिंह(निदेशक, आरएंडडी), श्री सुंदरेश्वरन एस (निदेशक, विनिर्माण औरसंचालन) और श्री पंकज शर्मा (अध्यक्ष, 2-व्हीलर बिजनेस) ने इस बात की पुष्टि की है कि विविधता काइनैटिक ग्रीन के सिद्धांतों का अहम हिस्सा है। इससे नवचारों, सस्टेंबल विकास और एक उज्जवल भविष्य का रास्ता तय होता है। प्रबंधन के मध्यम तथा वरिष्ठ स्तर पर भूमिकाओं में महिलाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी के साथ काइनैटिक ग्रीन, लिंग समानता को समर्पित है। साथ ही महिलाओं के नेतृत्व में अन्य महिलाओं को भर्ती करना समान अवसरों को सुनिश्चित करता है। सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के नेतृत्व में, काइनैटिक ग्रीन ने ना केवल कंपनी के अंदर महिलाओं की भूमिकाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, बल्कि ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन भी तैयार की है। इससे लिंग समानता और विनिर्माण में इनोवेशन को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता झलकती है। महिलाओं को सशक्त बनाने की काइनैटिक ग्रीन की सोच कंपनी के आंतरिक कार्यप्रणाली से काफी आगे की चीज है। कंपनी चाहती है कि उनके प्लांट में दोपहिया और तीनपहिया वाहनों तथा गोल्फ कार्ट्स एसेंबली लाइन में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंचे। इससे तकनीकी तथा विनिर्माण भूमिकाओं में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

इसके साथ ही ये कंपनी महिला प्रतिभाओं को नेतृत्व देकर और फाउंडर्स तथा वरिष्ठ लीडर्स से जोड़कर उन्हें सशक्त बना रही है। कॅरियर के वैकल्पिक रास्ते और साल के मध्य में पारदर्शी मूल्यांकन, योग्य महिला लीडर्स को सहयोग प्रदान करता है और उन्हें सम्मानित करता है। काम करने के लचीले घंटे और विविधता तथा योग्यता को महत्व देने वाली भागीदारी की संस्कृति जैसे विकल्पों के माध्यम से यह वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही ये कंपनी व्यक्तिगत तथा पेशेवर रूप से महिलाओं को सहयोग देने के लिए स्वास्थ तथा तंदरुस्ती को भी प्राथमिकता देती है।

सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी, को-फाउंडर एवं सीईओ, काइनैटिक ग्रीनकहती हैं, इलेक्ट्रिक वाहनों का आना एक गेम-चेंजर की तरह है जो ना केवल सस्टेंबिलिटी के लिए है बल्कि कार्यबल में भागीदारी को लेकर भी है। ईवी क्षेत्र में क्रांति आने से नए तरह के कौशल और अनोखी सोच की मांग उठने लगी है, जिससे महिलाओं के लिए ऑटोमोटिव और विनिर्माण क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। काइनैटिक ग्रीन में हम ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन और स्किलहर जैसे अभियानों के साथ बदलाव का नेतृत्व करते हुए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इससे महिलाएं रोजगार केंद्रित ट्रेनिंग के साथ एसयूपीए क्षेत्र में सशक्त बन रही हैं। इसके साथ ही अपने साझेदारों के साथ काइनैटिक कम्युनिकेशन लिमिटेड और काइनैटिक इलेक्ट्रिक मोटर्स लिमिटेड एक सुदृढ़ व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जोकि इंटर्नशिप से लेकर लीडरशिप तक की भूमिकाओ में हर स्तर पर नारी प्रतिभा को निखारता है।

# तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के 445 के जवाब में भारतीय टीम ने 51 रनों पर ही चार विकेट गंवाये

**गाबा (एजेंसी)।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खराब शुरुआत रही है। मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के पहली पारी के 445 रनों के जवाब में भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 51 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम अभी भी 394 रनों से पीछे है , वहीं उसके पास छह विकेट हैं। मैच में अभी दो दिनो का खेल बाकि है। आज तीसरे दिन बारिश और खराब रौशनी के कारण खेल बार बार रुका जिससे कारण भी नुकसान हुआ । खेल तय समय से 45 मिनट पहले ही समाप्त घोषित करना पड़ा। तीसरे दिन केवल 33.1 ओवर का खेल हुआ। इस मैच में भी मेजबान टीम का शिकंजा सकता जा रहा है क्योंकि भारत का शीर्ष क्रम पेवेलियन लौट गया है। दिन का खेल समाप्त होने के समय केएल राहुल 33 और रोहित शर्मा बगैर खाता खोले क्रीज पर। यशस्वी जायसवाल 4, शुभमन गिल 1,विराट कोहली 3 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मेजबान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 2, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन पर बनाये। ट्रेविस हेड ने 152 और स्टीव स्मिथ ने 101 रन बनाए। एलेक्स कैरी ने 70 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा ने 21, नाथन मैकस्वीनी ने 9, मार्नस लाबुशेन 12, मिचेल मार्श ने 5 और पैट कमिंस ने 20 रन बनाए। मिचेल स्टार्क 18 और नाथन लियोन ने 2 रन बनाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 6, जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिये। आकाशदीप और नितीश कुमार रेड्डी भी 1-1 विकेट लेने में सफल रहे। इस मैच में भारतीय टीम ने दो बदलाव करते हुए रविंद्र जडेजा और आकाशदीप को शामिल किया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को शामिल किया है।



## विश्व चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत



**चेन्नई (एजेंसी)।** विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को यहां हवाई अड्डे पर सैकड़ों उत्सुक प्रशंसकों, तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। 18 वर्षीय गुकेश ने पिछले सप्ताह सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और रूस के गैरी कास्परोव के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

स्वदेश लौटने पर गुकेश ने उनका समर्थन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। मीडिया और प्रशंसकों के बीच इस युवा खिलाड़ी को करीब से देखने के लिए लगी होड़ के बीच गुकेश ने कहा, 'यह शानदार है। आपके समर्थन ने मुझे बहुत ऊर्जा दी। विश्व चैंपियनशिप जीतना एक शानदार अहसास है।% महान विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश विश्व खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। आनंद ने यहां अपनी अकादमी में इस किशोर के खेल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंग्लैंड को लगा झटका, टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को फिर हैमस्ट्रिंग में लगी चोट

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** इंग्लैंड को एक बड़ा झटका लगा जब उसके टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के दौरान एक बार फिर हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्टि की कि स्टोक्स को टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के तीसरे दिन हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई।



स्टोक्स सेडन पार्क में न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी रचिन रवींद्र को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी उन्होंने अपनी हैमस्ट्रिंग को कसकर पकड़ लिया और उपचार के लिए मैदान से बाहर चले गए। अनुभवी ऑलराउंडर पूरे साल हैमस्ट्रिंग की चोटों से जूझते रहे हैं। अगस्त में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। चोट के कारण वह अक्टूबर में मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए थे। चोट की प्रकृति अभी भी अज्ञात है, और यह देखना बाकी है कि स्टोक्स दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी करने आएंगे या नहीं।

स्टोक्स ने 12.2 ओवर फेंके जिसमें 4.20 की इकॉनमी से 52 रन दिए और दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में विल यंग और विलियम ओ%रुरके को आउट किया। पहली पारी में उन्होंने 24 ओवर फेंके, छह मेडन किए और 3.80 की इकॉनमी से 91 रन दिए। मैट हेनरी पहली पारी में उनका एकमात्र शिकार थे। स्टोक्स के आउट होने पर न्यूजीलैंड ने कुल 453 रन बनाए। पहली पारी में 204 रनों की बढ़त के साथ कीवी टीम ने मेहमानों को 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट को खो दिया। मैट हेनरी ने क्रॉले (5) को स्टंप के सामने पिन करके इसका अनुसरण किया। तीसरे दिन के अंत में इंग्लैंड का स्कोर 18/2 हो गया और जीत से अभी भी 640 रन दूर था।

## माफी चाहता हूं : न्यूजीलैंड / इंग्लैंड टेस्ट में बड़ा रिकॉर्ड चूकने पर बोले टिम साऊदी

**खेल डैस्क ।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्कों की उपलब्धि हासिल करने से चूकने पर निराशा व्यक्त की है। यह खेल हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में खेला जा रहा है। अपने विदाई टेस्ट में खेलते हुए साउदी ने पहली पारी में 3 छक्के लगाए, जिससे उनका कुल स्कोर 98 हो गया। हालांकि, जब वह न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार बल्लेबाजी करने आए, तो साउदी 5 गेंदों पर 2 रन बनाकर आऊट हो गए। वह अगर 2 छक्के लगा लेते तो इस प्रारूप में 100 छक्के लगाने वाले चौथे क्रिकेटर बन जाते।

साउदी ने मैच के बाद स्वीकार किया कि जब वह बल्लेबाजी करने अंदर गए तो वह अधिक दबाव महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक अजीब एहसास था। बल्लेबाजी करते समय कभी इतना दबाव महसूस नहीं हुआ। लेकिन नहीं, यह अच्छा मजा था। लड़कों के लिए कुछ दिन बहुत अच्छे रहे। उन्होंने (मैकुलम) कुछ कहा - उन्हें ठीक से नहीं सुना। अच्छा लगा कि वह आखिरी बार भी यहां है। जब भी आप न्यूजीलैंड के लिए विकेट लेते हैं तो वह एक विशेष समय होता है।



उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, एक बच्चे के बड़े होने पर, एक विकेट लेने का अहसास हर समय नया होता है। यह ऐसा एहसास है जिसे मैं निश्चित रूप से याद करूंगा। यह मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। मैं जो करने में सक्षम हूं उसे करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिन अच्छे रहेंगे, लेकिन मुझे यकीन है कि कुछ दिन भावनात्मक भी रहेंगे। 100 टेस्ट छक्के चूकने पर साउदी ने कहा कि निराश करने के लिए माफी चाहता हूं।

अपना 107वां टेस्ट खेल रहे साउथी ने 390 विकेट लिए हैं और 2,245 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक और 98 छक्के शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह केवल बेन स्टोक्स (133), ब्रेंडन मैकुलम (107) और एडम गिलक्रिस्ट (100) से पीछे हैं।


## पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया, जैसन गिलेस्पी ने इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

सिडनी । आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी का करार 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है। गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं। मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो। मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया।' पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे। गिलेस्पी ने कहा, 'टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं।'




## कोहली को तेंदुलकर की 241 रन की पारी को देखना चाहिए : गावस्कर

ब्रिसबेन । महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सोमवार को भारत के सुपरस्टार विराट कोहली से कहा कि वह 2004 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सचिन तेंदुलकर की यादगार 241 रन की पारी से प्रेरणा लें और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों के खिलाफ अपने लगातार संघर्ष को खत्म करने के लिए कवर ड्राइव खेलने से परहेज करें। ब्रिसबेन टेस्ट के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन कोहली एक बार फिर असफल रहे जब जोश हेजलवुड ने उन्हें तीन के निजी स्कोर पर विकेट के पीछे कैच करा दिया। भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने पर 51 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। गावस्कर ने कहा कि कोहली को 'अपने हीरो' तेंदुलकर से आगे देखने की जरूरत नहीं है जिन्होंने एससीजी में 33 चौकों की मदद से 436 गेंद पर 241 रनों की असाधारण पारी खेली थी जबकि वह भी 2003-04 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान विकेट के पीछे कैच आउट होने की समस्या से जूझ रहे थे। कोहली ने मौजूदा दौरे पर अब तक 05, नाबाद 100, 07, 11 और 03 रन की पारियां खेली हैं। तेंदुलकर की उस पारी को उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है क्योंकि उन्होंने 10 घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की और ड्राइव करने की अपनी प्रवृत्ति पर लगाम लगाई और अपने अधिकतर रन ऑन साइड पर बनाए।



## श्रेयस अय्यर ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतकर टीम इंडिया के लिए पेश की दावेदारी

**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुम्बई ने रविवार को सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। मुम्बई ने खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश आसानी से हरा दिया। मुम्बई की इस जीत में श्रेयस की अहम भूमिका रही। इस बल्लेबाज ने 345 रन बनाने साथ ही शानदार कप्तानी भी की। इसी के साथ ही श्रेयस ने इस साल अपनी कप्तानी में टीम को घरेलू क्रिकेट में दूसरा बड़ा टूर्नामेंट जिताकर एक बार फिर टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इससे पहले श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडस ने खिताब जीत था। इसके अलावा ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में भी मुम्बई की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। अब माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को खिताब जीता सकते हैं।

श्रेयस ने इस साल फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और ट्वंटी 20 तीनों फॉर्मेट में अपनी कप्तानी का को साबित किया है। इसी साल उन्होंने अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था पर इसके बाद भी श्रेय न मिलने पर वह आईपीएल नीलामी में उतर गये।

सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने के बाद श्रेयस बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रशंसकों ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए कप्तान रजत पाटीदार के 81 रनों की बदौलत 174 रन बनाए थे। इसके बाद जीत के लिए मिला लक्ष्य मुंबई ने 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।



## भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड हासिल किया



पोंटे वेद्रा (फ्लोरिडा) । भारत के रेहान थॉमस ने 2025 के लिए 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड (प्रतियोगिता में भागीदारी) अर्जित किया है। 'कोर्न फेरी टूर' अमेरिका में आयोजित होने वाली पीजीए टूर से निचले स्तर की प्रतियोगिता है। दुबई में रहने वाले रेहान घरेलू टूर में भी विजेता रहे हैं। वह इस साल की शुरुआत में पेशेवर बने थे। पीजीए टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण में थॉमस ने 70-72-71-68 के राउंड से कुल एक ओवर 281 का कार्ड खेला और संयुक्त 26वें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के शीर्ष पांच में रहने वाले खिलाड़ियों ने पीजीए टूर के लिए क्वालीफाई किया। थॉमस 'कोर्न फेरी टूर' पर कम से कम 12 मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे। वह इस सत्र में इसमें भाग लेने वाले इकलौते भारतीय होंगे।

## बीसीसीआई ने विजय हजारे ट्रॉफी खेलने तीन खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस बुलाया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गये तीन खिलाड़ियों को वापस बुलाया है। बीसीसीआई ने रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर भेजे गये तेज गेंदबाजों मुकेश कुमार, यश दयाल और नवदीप सैनी को जरुरत नहीं होने के कारण वापसी बुलाया है। इन तीनों तेज गेंदबाज को पहले तीन टेस्ट मैचों में एक बार भी खेलने का अवसर नहीं मिला है। तीनों गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों में भी अवसर मिलना मुश्किल था। ऐसे में भारतीय बोर्ड ने इस गेंदबाजों को रिलीज करने का फैसला किया। बोर्ड ने इन तीनों को इसलिए पहले रिलीज किया जिससे वे भारत लौटकर विजय हजारे ट्रॉफी से पहले अभ्यास कर सकें। मुकेश कुमार को बंगाल की टीम ने शामिल किया है। मुकेश , नवदीप और यश के टीम इंडिया से रिलीज होने के बाद भी भारतीय टीम के पास 5 बतौर तेज गेंदबाज रहेंगे। इनमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं। मुकेश और नवदीप शुरूआत से ही भारतीय टीम के साथ थे। दोनों इंडिया ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी गए थे। मुकेश ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दोनों टेस्ट खेले खेलकर 11 विकेट लिए थे। नवदीप को केवल एक अभ्यास मैच में खेलने का अवसर मिला। वहीं यश दयाल को खलील अहमद की जगह टीम से जोड़ा गया था। खलील अहमद बिना खेले चोटिल होकर ऑस्ट्रेलिया से लौट आए थे। यश विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश टीम में शामिल होंगे वहीं मुकेश बंगाल जबकि सैनी दिल्ली की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे।

## स्मृति और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने पहले टी20 में वेस्टंडीज को हराया

मुम्बई । स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना के 53 और जेमिमा के 73 रनों की सहायता से 4 विकेट पर ही 195 रन बनाये। वेस्टंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टंडीज टीम 146 रन ही बना पाई। वेस्टंडीज की ओर से जोसेफ और डॉटिंन ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। इस मैच में मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन बनाये। उमा ने 24 रन बनाये। वहीं मंधाना ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाकर 54 रन बनाए। वहीं जेमिमा ने 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्के लगाकर सबसे अधिक 73 रनों की पारी खेली। इसके अलावा ऋचा घोष ने 20 जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज केवल 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गईं। इस दौरान कियाना जोसेफ ने डींड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। जोसेफ ने 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। जोसेफ और डॉटिंन के विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज टीम की पारी ढ़ह गयी। मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया। भारत की ओर से तितास ने 37 रन देकर 3 विकेट जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए।



## एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते : जसप्रीत बुमराह

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** ब्रिसबेन -जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में खराब दौर से जूझ रही भारतीय टीम का बचाव करते हुए अपने पर अतिरिक्त दबाव की बात को खारिज किया और कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और अनुभवी होने के नाते अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाना उनका काम है। गाबा पर तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर गेंदबाजी का गलत फैसला लेने के बाद भारत ने बुमराह के छह विकेट के बावजूद मेजबान को पहली पारी में 445 रन बनाने दिए।

जवाब में वर्षाबाधित तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए थे। बल्लेबाजों की तकनीक और बुमराह के अलावा गेंदबाजों के स्तर पर इसके बाद सवाल उठने लगे हैं। बुमराह ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी के बारे में पूछने पर कहा, 'एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते। हम उस मानसिकता में नहीं पड़ना चाहते जहां एक दूसरे पर ऊंगली उठाई जाए।'

### बदलाव के दौर से गुजर रहे

उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के रूप में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। नए खिलाड़ी आ रहे हैं और क्रिकेट खेलने के लिए यह सबसे आसान जगह नहीं है। विकेट अलग तरह की है और माहौल अलग है।' अब तक इस श्रृंखला में 18 विकेट ले चुके बुमराह ने कहा, 'गेंदबाजी ईकाई के तौर पर हम बदलाव के दौर में है लिहाजा दूसरों की मदद करना मेरा काम है। मैंने दूसरों से अधिक क्रिकेट खेली है तो मैं उनकी मदद की कोशिश कर रहा हूं।'

### नए खिलाड़ियों को थोड़ा समय देना होगा : बुमराह

उन्होंने कहा, 'हम सभी सीखने की कोशिश कर रहे हैं और प्रदर्शन बेहतर होगा। सफर में इन सब चीजों से गुजरना होता है।' बुमराह ने इन खबरों को भी खारिज किया कि पहली पारी में खराब स्कोर से गेंदबाजों और उन पर अधिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास 11 खिलाड़ी हैं। मैं इसे ऐसे नहीं देखता कि मुझे ज्यादा काम करना है। हम एक नई टीम है और कई नए खिलाड़ी इसमें है। हमें उन्हें थोड़ा समय देना होगा। वे अनुभव से ही सीखेंगे।'

### 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है'

उन्होंने कहा, 'कोई भी अनुभव साथ लेकर नहीं आता और ना ही कौशल के साथ पैदा होता है। आप सीखते जाते हैं और नए तरीके तलाशते हैं। आप अपने खेल के बारे में सीखते हैं।' भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अलग अलग पिचों पर गेंदबाजी करने में उन्हें काफी मजा आया। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है। पर्थ में विकेट अलग था और एडीलेड में गुलाबी गेंद के साथ विकेट अलग था। यहां का विकेट अलग है और रन अप लो है। भारत में हमें इसकी आदत नहीं है।'

### अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते बुमराह

बुमराह ने कहा कि वह सफलता और विफलता को समान रूप से देखते हैं और अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते। उन्होंने कहा, 'जब मैं युवा था तब प्रशंसकों और लोगों की राय का अतिरिक्त बोझ लेता था लेकिन अब मैं किसी राय को संजीदगी से नहीं लेता। मैं खुद से पूछता हूं कि मुझे क्या करना है और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करता हूं। मैं यह नहीं सोचता कि लोग मुझसे ऐसा करने की अपेक्षा कर रहे हैं और मैं उसका बोझ लेने लगूं।'



वैज्ञानिक भी हो रहे परेशान

# अंतरिक्ष में मिला धूमकेतु जैसा ग्रह, पीछे लेकर चल रहा साढ़े पांच लाख किमी लंबी पूछ, 40 पृथ्वी भी पड़ जाएं छोटी

वैज्ञानिकों को एक अनोखा ग्रह मिला है

- इस ग्रह के पास धूमकेतु की तरह पूंछ है
- यह पूंछ 40 पृथ्वियों के बराबर

एक गैसीय ग्रह, पृथ्वी से 160 प्रकाश–वर्ष दूर है और अपने तारे के करीब 3 .9 दिनों में परिक्रमा करता है। अत्यधिक गर्मी के कारण यह प्रति सेकंड 2 लाख टन गैस खो रहा है, जिससे 5 .6 लाख किमी लंबी धूमकेतु जैसी पूंछ बन रही है, जो तारकीय हवाओं से बनती है, यह ग्रह अपने तारे के बेहद करीब है।

वॉशिंगटन

पृथ्वी के करीब एक एलियन वर्ल्ड है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल एक ग्रह है, जिसकी धूमकेतु की तरह पूछ है। यह पूछ इतनी विशाल है कि इसमें 40 पृथ्वी आ सकती हैं। यह ग्रह अपने तारे के बेहद करीब है। विशेषज्ञों का कहना है कि पूछ जैसी दिखने वाली यह विशाल संरचना इस एक्सोप्लैनेट के वायुमंडल से लीक होने वाली गैस से बनी है। इसे तारकीय हवाओं के जरिए उड़ाया जा रहा है, जिसे विंडसॉक कहा जाता है। इस एक्सोप्लैनेट का नाम डब्ल्यूएएसपी -69 वी है जो एक गैसीय ग्रह है। इसका अकार लगबग बृहस्पति के समान है। लेकिन इसका द्रव्यमान एक तिहाई से भी कम है। पृथ्वी से यह 160 प्रकाश-वर्ष दूर है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

स्टडी के प्रमुख लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में एस्ट्रोफिजिक्स डॉक्टरेट छात्र डकोटा टायलर ने कहा, 'पिछले अवलोकनों में संकेत मिला था कि डब्ल्यूएएसपी -69 वी की एक छोटी पूंछ हो सकीत है, या शायद कोई पूछ ही न हो। लेकिन हम निश्चित रूप से दिखाने में सफल रहे कि ग्रह की हीलियम पूंछ विशाल ग्रह के त्रिया से कम से कम सात गुना ज्यादा फैली है।' इस ग्रह की पूंछ तब बनती है जब तारकीय हवाएं लीक हो रही गैस को ग्रह से दूर धकेल देती हैं, जिससे उसके पीछे एक निशान बन जाता है। तारकीय हवाएं हमारे सूर्य से निकलने वाली सौर हवाओं के समान हैं। अगर तारकीय हवाएं गायब हो जाएं तो पूछ भी खत्म हो जाएगी।


**धूमकेतु की तरह मिली पूंछ**
वैज्ञानिक रिपोर्ट के मुताबिक यह गैस 7 अरब साल से निकल रही है। जिस दर से ग्रह से गैस निकल रही है उस दर से एक्सोप्लैनेट ने संभवतः अपने जीवनकाल के दौरान 7 पृथ्वी के बराबर द्रव्यमान खो दिया है। वैज्ञानिकों ने पहले अनुमान लगाया था कि डब्ल्यूएएसपी -69 वी के पास धूमकेतु जैसी पूंछ हो सकती है, जो अंतरिक्ष में लीक हो रही गैस से बनी है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई थी। हालांकि एक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हवाई में स्थित वेधशाला के डेटा के जरिए ग्रह और उसके वातावरण का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि वास्तव में इसकी पूंछ 5.6 लाख किलोमीटर तक फैली हुई है जो पृथ्वी की चौड़ाई से लगभग 44 गुना है।

---

## खबर संक्षेप

### नौकरी घोटाले में फंसे 6 भारतीयों को बचाया गया



**यंगून।** भारतीय दूतावास ने बताया कि नौकरी घोटाले में फंसे छह भारतीय नागरिकों को मुक्त कराकर भारत वापस भेजा जा रहा है। उसने बताया कि इसके साथ ही जुलाई के बाद से इस तरह के मामले में 100 से अधिक लोगों को मुक्त कराकर स्वदेश भेजा गया है। दूतावास के अनुसार, म्यांमा-थाईलैंड सीमा पर म्यावाडी क्षेत्र में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय अपराध गिरोह के शिकार होने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में वृद्धि हुई है। अच्छी नौकरी की आड़ में इन भारतीय नागरिकों को म्यांमा लाया गया ।

### ईरानी मूल के अमेरिकी पत्रकार को 10 साल जेल



**दुबई।** ईरान की एक अदालत ने ईरानी मूल के अमेरिकी पत्रकार रेजा वलीजादेह को शत्रु देश के साथ सहयोग करने का दोषी करार देते हुए 10 साल जेल की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार रेजा वलीजादेह अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित 'वॉयस ऑफ अमेरिका' की फारसी भाषा सेवा के पूर्व पत्रकार हैं और उन्होंने रेडियो फर्दा के लिए भी काम किया है। 'रेडियो फर्दा', रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी के तहत एक संगठन है।

### शरणार्थी शिविर पर इजराइली हमला, 22 की मौत



**गाजा।** गाजा में इजराइली हमले में 22 लोगों की मौत हो गई। हमला स्कूल में चल रहे शरणार्थी शिविर पर किया गया, जहां एक फलस्तीनी फोटो पत्रकार समेत 18 लोगों की मौत हो गई। जबकि गाजा सिटी में हुए एक अन्य हमले में 4 लोग मारे गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 10 लोग दीर अल-बलाह के निकाय भवन में मारे गए, वहां पर सभी लोग राहत सामग्री लेने के लिए पहुंचे थे। हमले के बाद लगभग एक दर्जन घायलों को लोग नजदीकी अस्पताल ले गए।

---

राजनीति और उद्योग जगत के बड़े नाम

# फोर्ब्स साल 2024: दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में तीन भारतीय शामिल

रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा शिव नादर फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं।

नई दिल्ली

फोर्ब्स ने साल 2024 की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी कर दी है। इस सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। आइए जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से नाम हैं और क्या उनकी उपलब्धियां हैं।

- सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद दुनिया भर के देशों के बीच बिजनेस में सहयोग के लिए इसे बनाया गया।
- 1 जनवरी 1995 को जीएटीटी की जगह वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना की गई।
- डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों ने बिजनेस में सहयोग के लिए एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया था।



### फोब्स बिजनेस मैगजीन दुनियाभर में फेमस है

*फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है। यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। यह पत्रिका दुनियाभर के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है।*

*भारत की तीन महिलाएं लिस्ट में शामिल*
*निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में भारत के वित्त मंत्री के रूप में पदभार संभाला और वो कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री भी हैं. अपने राजनीतिक करियर से पहले उन्होंने यूके के एग्रीकल्चरल इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड सर्विस में काम किया है. उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग में भी सेवाएं दी हैं।*

### निर्मला सीतारमण

*भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की सबसे ताकतवर सूची में 28वें स्थान पर हैं। निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निर्मला सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं।*

### रोशनी नादर मल्होत्रा

*दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 81वां स्थान दिया गया है। रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नादर ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।*

### किरन मजूमदार शॉ

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की आज अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनिया भर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी का भी काम कर रही है।

---

2 साथी म्यूजिशियन भी अरेस्ट

# ईरान में हिजाब नहीं पहनने पर महिला सिंगर गिरफ्तार

वॉशिंगटन

ईरान में एक ऑनलाइन कॉन्सर्ट के दौरान हिजाब नहीं पहनने के आरोप में महिला सिंगर को गिरफ्तार किया गया है। महिला सिंगर का नाम परस्तू अहमदी है।



महिला ने बुधवार, 11 दिसंबर को यूट्यूब पर कॉन्सर्ट का वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो में अहमदी स्लीवलेस ड्रेस पहनकर गाना गा रही थीं। वीडियो अपलोड होने के बाद गुरुवार को एक कोर्ट में अहमदी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इसके बाद शनिवार को परस्तू अहमदी को गिरफ्तार कर लिया गया। अहमदी की उम्र 27 साल है। जानकारी के मुताबिक एक ईरानी वकील ने बताया कि सिंगर को पुलिस ने ईरान के उत्तरी प्रांत मजांदरान की राजधानी सारी से गिरफ्तार किया है।

### सिंगर बोली- गाना मेरा अधिकार

***महिला सिंगर परस्तू अहमदी ने यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर लिखा था***

- *मैं वो परस्तू लड़की हूं, जो उन लोगों के लिए गाना चाहती हूं, जिन्हें मैं प्यार करती हूं। मैं इस अधिकार को अनदेखा नहीं कर सकती हूं। मैं उस जमीन के लिए गाना गा रही हूं जिसे मैं बहुत प्यार करती हूं।'*
- *सिंगर के वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। परस्तू अहमदी को गिरफ्तारी के बाद कहां रखा गया है इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा उन पर किन धाराओं में केस दर्ज किया गया है, ये भी साफ नहीं है।*
- *परस्तू अहमदी के अलावा जिन दो म्यूजिशियन को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम सोहेल फगीह नासिरी और एहसान बेराघदार हैं। दोनों को राजधानी तेहरान से गिरफ्तार किया गया है।*

### ईरान में महिलाओं को हिजाब पहनना अनिवार्य

ईरान में वैसे तो हिजाब को 1979 में मैंडेटरी किया गया था, लेकिन 15 अगस्त 2023 को प्रेसिडेंट इब्राहिम रईसी ने एक ऑर्डर पर साइन किए और इसे ड्रेस कोड के तौर पर सख्ती से लागू करने को कहा। 1979 से पहले ईरान में महिलाओं के कपड़ों को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं थी। हाल ही में देश में हिजाब को लेकर नया कानून लागू किया गया, जिसके मुताबिक महिलाओं को हिजाब के नियमों का उल्लंघन करने पर मौत की सजा तक दी जा सकती है। नए कानून के अनुच्छेद 60 के तहत दोषी महिलाओं को जुर्माना, कोड़े की सजा या जेल की कठोर सजा हो सकती है।

---

निर्णय का इटली के राजनीतिक दलों ने किया विरोध

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति हावियर मिलेई को दी गई इटली की नागरिकता

रोम

इटली की सरकार ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति हावियर मिलेई को देश की नागरिकता देने का एलान किया है। इटली का यह फैसला मिलेई की इतालवी विरासत के चलते लिया गया है। हालांकि, अर्जेंटीना और इटली के विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध शुरू कर दिया है।

बताया जाता है कि हावियर मिलेई के दादा-दादी इटली से अर्जेंटीना चले गए थे। इसी लिहाज से इटली की जॉर्जिया मेलोनी के नेतृत्व वाली सरकार ने मिलेई को उनकी विरासत के लिए नागरिकता प्रदान की।



हालांकि, इस निर्णय का इटली के कई राजनीतिक दलों ने विरोध किया है। खासकर देश की नागरिकता नीति के विरोधियों का कहना है कि जहां देश छोड़कर जाने वाले लोगों को विरासत के आधार पर नागरिकता दी जा रही है, वहीं देश में ही जन्मे अप्रवासियों के बच्चों को ही नागरिकता से वंचित रखा जा रहा है।

---

एक्शन बटालियन का इस्तेमाल कर लोगों को यातनाएं दी

## बांग्लादेश: शेख हसीना पर लोगों को जबरन गायब करने का आरोप

ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में जबरन लोगों को गायब करने का आरोप लगा है। अंतरिम सरकार के जांच आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जबरन गुमशुदगी की घटनाओं में शामिल रही हैं। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जबरन गुमशुदगी के ऐसे लगभग 3500 मामले में हैं, जिनमें हसीना शामिल थीं।



### गुमशुदगी की 1676 शिकायतें दर्ज कराई

आरएबी बांग्लादेश की एक स्पेशल एंटी क्राइम यूनिट है। इसमें सेना, वायुसेना और पुलिस के अधिकारी शामिल होते हैं। जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हसीना सरकार ने रैपिड एक्शन बटालियन आरएबी का इस्तेमाल कर लोगों को यातनाएं दी है। उन्होंने जबरन गुमशुदगी की 1676 शिकायतें दर्ज कराई थी। आरएबी और दूसरी एजेंसियों का संगठित तरीक के इस्तेमाल करती थीं।

---

## आर्य समाज के 150वें स्थापना में शामिल हुए रक्षामंत्री




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नई दिल्ली में आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष समारोह के उद्घाटन के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी उपस्थित थे।

---


127 करोड़ रु. के बराबर राशि देकर चैनल निपटाएगा मामला

# अमेरिका: एंकर की टिप्पणी पर ट्रंप ने किया मानहानि का केस

*केस निपटाने की शर्तों के मुताबिक, मीडिया समूह ट्रंप के लिए बने फाउंडेशन और म्यूजियम फंड में दान के तौर पर 1.5 करोड़ डॉलर की राशि देगा। संस्थान ने कहा कि उसके एंकर स्टेफानोपॉलस मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगेंगे और अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताएंगे।*

वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक एंकर की टिप्पणी उसके पूरे न्यूज चैनल को भारी पड़ गई है। बताया गया है कि एबीसी मीडिया ग्रुप अब डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए मानहानि के मामले को निपटाने के लिए 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 127 करोड़ रुपये में) मामले को निपटाने के लिए तैयार हो गया है। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, यह मामला एक चैनल के एंकर ने एक कार्यक्रम के दौरान की गई टिप्पणी से उभरा था।



### इस साल कई केसों में राहत पा चुके हैं ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप इस राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने के साथ ही कई मामलों में अदालत से राहत पा चुके हैं। पिछले महीने ही अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने उनके खिलाफ व्हाइट हाउस छोड़ने के बावजूद गुप्त दस्तावेजों को गलत तरह से रखने के एक मामले में लगे आरोपों को रद्द कर दिया था। इतना ही नहीं 2020 में चुनाव नतीजों में धांधली का आरोप लगाने और इन्हें बदलने की कोशिश के केस में भी संघीय कार्यवाही को फिलहाल रोक दिया गया है। हालांकि, जॉर्जिया राज्य की अदालत में इससे जुड़ा एक केस अभी चल रहा है। इस साल मई में गुपचुप तरीके से एक एडल्ट स्टार को पैसे मुहैया कराने के मामले में दोषी पाए जाने के बावजूद जज ने उन्हें सजा सुनाने पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है।*

### कहा था- ट्रंप दुष्कर्म के केस में आरोपी

जॉर्ज ने मार्च में अमेरिकी सांसद नैन्सी मेस के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि ट्रंप 'दुष्कर्म के मामले में आरोपी' हैं। इसी को लेकर ट्रंप अदालत पहुंच गए थे। एक न्यूज के केस निपटाने की शर्तों के मुताबिक, वह ट्रंप के लिए बने फाउंडेशन और म्यूजियम फंड में दान के तौर पर 1.5 करोड़ डॉलर की राशि देगा। संस्थान ने कहा कि उसके एंकर स्टेफानोपॉलस मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगेंगे और अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताएंगे। इसके अलावा ब्रॉडकास्टर केस लड़ने की फीस के तौर पर 10 लाख डॉलर (8.48 करोड़ रुपये) और चुकाएगा। गौरतलब है कि ट्रंप पर उत्पीड़न का एक मामला चल रहा है। हालांकि, यह दुष्कर्म के मामले से अलग है। 2023 में यह केस उन पर लेखिका ई. जीन कैरल ने किया था।

---

दो अन्य छात्र घायल

## अमेरिका:सड़क हादसे में भारतीय छात्रा की मौत



वॉशिंगटन

अमेरिका में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई है। हादसे में दो अन्य भारतीय छात्र घायल भी हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। घटना शुक्रवार आधी रात की है, जब अमेरिका के टेनेसी राज्य के मेम्फिस इलाके में एक वाहन ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार सवार भारतीय छात्रा की मौत हो गई।

### अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ रहीं

बीते कुछ माह में अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत की कई घटनाएं सामने आई हैं। अमेरिका जाकर पढ़ाई करना भारतीय छात्रों का सपना होता है, लेकिन बीते कुछ समय से ये सपना दुस्वप्न में बदलता जा रहा है। इस साल अप्रैल तक ही अमेरिका में 11 भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी थी और अब यह आंकड़ा काफी बढ़ चुका है। अमेरिका में पढ़ाई कर रहे कुल विदेशी छात्रों में से 25 प्रतिशत यानी करीब 2,75,000 छात्र भारतीय हैं।



## घर पहुंचे अल्लू अर्जुन तो इमोशनल हुईं वाइफ स्नेहा

**नई दिल्ली।** पुष्पा 2 के पुष्पाराज यानी एक्टर अल्लू अर्जुन जेल से रिहा होने के बाद घर लौट आए। जहां उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी इमोशनल होती हुई नजर आईं। कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी बीच एक क्लिप में एक्टर की वाइफ स्नेहा रेड्डी ने उनका घर लौटने के बाद वेलकम किया। एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में स्नेहा रेड्डी को पति के घर के बाहर इंतजार करते हुए देखा जा सकता है। वहीं इस दौरान उनकी बच्चे भी साथ दिख रहे हैं। आगे जैसे ही एक्टर उनके पास पहुंचते हैं तो स्नेहा रेड्डी उन्हें गले लगा लेती हैं और इमोशनल नजर आती हैं। इस वीडियो को देख फैंस का भी दिल भर आया है।

लाइफ Style



## हिना
## उपलब्धियों के लिए किया जाए 'सर्च'

ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़ रहीं 'टैलेंटेड एक्ट्रेस हिना खान 2024 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले कलाकारों की लिस्ट में टॉप पर रहीं। 'शेरखान'के नाम से पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस इस कोई उपलब्धि नहीं मानतीं। अपने पोस्ट में उन्होंने अपने दिल की बात बयां की है।

टीवी के पॉपुलर शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में 'अक्षरा'का किरदार निभाकर हिना खान ने अपनी अलग पहचान बनाई थी। हिना खान ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें एक तस्वीर पोस्ट करके एक्ट्रेस ने उनके साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन कल्याण और 'दसवीं' अभिनेत्री निमरत कौर भी हैं।अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, गूगल पर साल 2024 में ग्लोबल ट्रेंड में ये 10 सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले भारतीय कलाकार. 'मैंने देखा कि बहुत से लोग इसे लेकर अपने विचार रख रहे हैं और इसके साथ ही मुझे बधाई भी दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली बात है।' 'मैं प्रार्थना करती हूं कि किसी को भी उसके स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों या इलाज को लेकर गूगल पर न सर्च किया जाए। मैंने इस कठिन समय में अपनी जर्नी को लेकर लोगों से मिले सम्मान और मेरे प्रति फिक्र जाहिर करने को हमेशा सराहा है, लेकिन मैं चाहती हूं कि मुझे मेरे और उपलब्धियों के लिए गूगल पर सर्च किया जाए। इसमें कोई अंतर न हो। इलाज से पहले और इलाज के दौरान काम को लेकर समान रूप से लोग सर्च करें।

हॉलीवुड मसाला




## रिकी के साथ करेंगे परफॉर्म

**नई दिल्ली।** गायक रिकी मार्टिन और आतिफ असलम इस महीने दुबई में प्रस्तुति देंगे, जहां वे दिल को छू लेने वाले संगीत और अविस्मरणीय प्रस्तुतियों का वादा करते हुए नए साल के लिए पूरी तरह से माहौल तैयार करेंगे। आतिफ 1 फरवरी को मंच पर प्रस्तुति देंगे। आतिफ असलम ने साझा किया, 'यूएई वास्तव में मेरे दूसरे घर जैसा लगता है। यहां दर्शकों की अविश्वसनीय गर्मजोशी और प्यार हर यात्रा को खास बनाता है, और मैं कहीं और नए साल का जश्न मनाने की कल्पना नहीं कर सकता।



## एडवेंचरस मिशन पर जाने को है तैयार...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिसमस का सीजन आ चुका है और साथ ही आ गई है एक धमाकेदार मूवी जिसे देखकर आपका क्रिसमस और भी खास बन जाएगा। अगर आप रोम-कॉम और एनिमेटेड फिल्मों से हटकर कुछ एडवेंचरस और अनोखा देखना चाहते हैं, तो रेड वन आपकी लिस्ट में जरूर शामिल होनी चाहिए। रेड वन एक एक्शन से भरपूर क्रिसमस मूवी है, जिसमें सांता (जे.के. सिमन्स) को उनकी बड़ी रात से पहले एक मुसीबत से बचाने की कहानी है। उनकी सुरक्षा प्रमुख काल (ड्वेन जॉनसन) एक हैकर जैक ओ'मैली (क्रिस इवांस) की मदद लेते हैं, ताकि सांता को समय पर ढूंढा जा सके। फिल्म में लूसी लियू जो के रूप में हैं, जो माइथोलॉजिकल ओवरसाइट एंड रिस्टोरेशन अथॉरिटी की हेड हैं। यह मूवी पहली बार घर पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



## सफेद सिंपल साड़ी में छा गईं आलिया

**नई दिल्ली।** मुंबई में राज कपूर के 100 साल पूरे हुए इवेंट में रणबीर कपूर अपनी खूबसूरत पत्नी आलिया भट्ट के साथ स्टाइलिश अवतार में नजर आए। भारतीय सिनेमा के दिग्गज राज कपूर की 100वीं जयंती का जश्न कपूर फैमिली धूमधाम से मना रही है। जयंती से एक दिन पहले शुक्रवार को शामिल होने के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सफेद साड़ी में कहर ढा दिया। आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह पेस्टल रंग के फूलों और हरी पत्तियों की प्रिंट वाली सफेद साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। एक्ट्रेस ने जश्न के लिए बेहद सिंपल साड़ी का चुनाव किया। हालांकि, इसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। कपूर फैमिली की बहू ने खूबसूरत तस्वीरों के साथ लिखा, "मुड़ मुड़ के ना देख।'



## उनकी आंखों में आंसू थेः विक्रांत मैसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विक्रांत मैसी से मुलाकात की है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में अभिनय करने वाले अभिनेता को हाल ही में प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट सदस्यों के साथ फिल्म देखने का मौका मिला। अब अभिनेता ने अपना अनुभव साझा किया है। विक्रांत मैसी ने कहा, पीएम मोदी ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और इसमें हमारे द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। उन्हें मेरा काम पसंद आया... उन्होंने कहा, मेरा मतलब है, यह एक ऐसी प्रशंसा है जो मेरे साथ जीवन भर रहेगी। उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब तक फिल्म ने भारत में 33.5 करोड़ रुपए की कमाई की है।

टीवी मसाला



## तजिंदर हुए बेघर, इन कंटेस्टेंट्स पर लटकी एलिमिनेशन की तलवार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' में पिछले हफ्ते कोई एविक्शन नहीं हुआ था, वहीं इस हफ्ते दो नाम सामने आ रहे थे। एक इडेन का और दूसरा तजिंदर बग्गा का। इनमें से तजिंदर शो से आउट हो चुके हैं। 'बिग बॉस तक' के ट्वीट के अनुसार तजिंदर का एलिमिनेशन हो चुका है। बता दें कि पिछले हफ्ते फराह ने रजत दलाल को चेतावनी दी थी कि अगर वह दोबारा शारीरिक हिंसा में दिखे तो उन्हें बाहर किया जा सकता है। नॉमिनेशन ड्रामे के बीच बिग बॉस ने नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स को खुद को बचाने का एक और मौका दिया।


## राज कपूर की चर्चित फिल्में और किरदार सामाजिक मुद्दों को करती हैं उजागर...

**नई दिल्ली।** राज कपूर की फिल्में 90 के दशक में ही नहीं, बल्कि आज भी प्रशंसक देखना पसंद करते हैं। राज कपूर की फिल्मों की कहानी सामाजिक मामलों पर आधारित रहती थी। उनकी फिल्में और उसके किरदारों को लेकर अक्सर बातें होती हैं।

**आवारा :** राज कपूर की फिल्म 'आवारा' की कहानी दर्शक आज भी देखना पसंद करते हैं। फिल्म में 'जातिवाद' जैसी कुरीति को दिखाया गया। इस फिल्म में राज कपूर के किरदार को प्रशंसकों ने पसंद किया। इस फिल्म उन्होंने 'राज' यानी 'राजू'का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन भी राज कपूर ने ही किया था। फिल्म में उनके साथ नरगिस ने काम किया था।

**श्री 420 :** श्री 420 फिल्म राज कपूर की खास फिल्मों में से एक रही है। इस फिल्म की कहानी समाज के वंचित लोगों की परेशानियों और समस्याओं पर आधारित रही। इस फिल्म में भी राज कपूर के साथ नरगिस नजर आईं थीं।

**जागते रहो :** राज कपूर की फिल्म 'जागते रहो'उनकी खास फिल्मों में से एक है।



इस फिल्म में गांव के लड़के की कहानी है, जिसे शहर में अलग-अलग तकलीफों से गुजरना पड़ता है। राज कुमार ने फिल्म में गरीब किसान का किरदार निभाया था।

**संगम :** फिल्म 'संगम'राज कपूर की निर्देशित शानदार फिल्म है। इस फिल्म का किरदार सामाजिक रूप से बहुत खास है। यह तीन दोस्तों की कहानी है। राज कपूर ने इसमें एक पायलट की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके साथ वैजयंती माला नजर आईं थीं।

**मेरा नाम जोकर :** राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' उनकी बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन फिल्म की कहानी को आज भी दर्शक देखकर भावुक हो जाते हैं। इसमें राज कपूर का 'जोकर'का किरदार दर्शकों के दिल के बहुत करीब है।


**तीसरी कसम :** साल 1966 में आई राज कपूर की फिल्म तीसरी कसम की कहानी बेहद खास रही। इस फिल्म में राज कपूर के साथ वहीदा रहमान नजर आईं। फिल्म में राज कपूर ने 'मीता' का किरदार निभाया। ये कहानी फणीश्वर नाथ रेणु के 'मारे गए गुल्फाम उर्फ तीसरी कसम' उपन्यास पर आधारित है।



## रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने प्रियंका को किया सम्मानित...



*मुंबई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 का हिस्सा बनीं। महोत्सव में अभिनेत्री के 25 वर्ष के करियर का जश्न मनाया गया। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 (आरएसआईएफएफ) का हिस्सा बनीं। कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर अभिनेत्री ने कहा कि वह लोगों को एक साथ लाने की मनोरंजन की यूनिवर्सल पावर में विश्वास रखती हैं। प्रियंका चोपड़ा जोन रेड सी ऑनरी, वियोला डेविस में शामिल हो गई हैं। यह फिल्म महोत्सव स्क्रीन पर और व्यापक फिल्म इंडस्ट्री के भीतर उनके सफल करियर और उपलब्धियों का जश्न मना रहा है। इस दौरान अभिनेत्री ने कहा, 'रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहचाने जाने से मैं अभिभूत हूं, यह कहानी कहने का उत्सव है जो भाषा, सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है।' प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा, 'मैंने हमेशा लोगों को एक साथ लाने के लिए मनोरंजन की यूनिवर्सल पावर में में विश्वास किया है।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.